mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-72 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

सतना
14 मार्च 2025 शुक्रवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


राहुल द्रविड़ बैसाखी...
@ पेज 7

# लीलावती अस्पताल के 'काला जादू' मामले में नया मोड़, 'पूर्व ट्रस्टी' ने आरोपों का किया खंडन



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के जाने-माने लीलावती अस्पताल में कथित तौर पर काला जादू किए जाने के आरोपों में नया मोड़ आ गया है। बता दें कि अस्पताल मौजूदा ट्रस्टियों ने

**● अस्पताल के पूर्व ट्रस्टियों पर घोटाले और काला जादू करने का आरोप**

अस्पताल के पूर्व ट्रस्टियों पर घोटाले और काला जादू करने का आरोप लगाया था। इस पर एक 'पूर्व ट्रस्टी' चेतन मेहता, जिनके ऊपर पर मौजूदा ट्रस्टियों ने आरोप लगाया था, सकूरा एडवाइजरी के माध्यम से आरोपों को निराधार और दुर्भावनापूर्ण बताया है। उन्होंने एडवाइजरी में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया आदेश के बाद कथित ट्रस्टियों ने यह मीडिया अभियान शुरू किया है।
चेतन मेहता के वकील सिमरन सिंह ने कहा, 'मेरे मुवक्किल 2007 से प्रतिष्ठित लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी रहे हैं। लगभग दो दशकों के उनके कार्यकाल में, उन्होंने निस्वार्थ और समर्पित रूप से कार्य किया है, जिससे लीलावती आज एक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में जानी जाती है, जिसमें सुपर स्पेशलिस्ट्स की टीम है। लीलावती को बार-बार भारत के शीर्ष अस्पतालों में स्थान दिया गया है।' उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों में अस्पताल का टर्नओवर 200 करोड़ रुपये से बढ़कर 500 करोड़ रुपये हो गया है और 250 करोड़ रुपये की चैरिटी की गई है। वकील ने बताया कि जमा राशि भी 10 करोड़ से बढ़कर 500 करोड़ रुपये हो गई है।
वकील ने कहा, 'जैसा कि तथ्य प्रमाणित करते हैं, इन विवादित और कथित मौजूदा ट्रस्टियों द्वारा लगाए गए आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने अस्पताल के विश्वस्तरीय सेवा प्रदाता के रूप में स्थापित होने के बाद सत्ता हथियाने की कोशिश की है और सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के मद्देनजर, जो उनके अवैध दावों को समाप्त करेगा, ये आरोप लगाए जा रहे हैं। काला जादू के आरोप प्रतिक्रिया के योग्य भी नहीं हैं और केवल सनसनी पैदा करने के लिए हैं।' उन्होंने कहा कि यह उनकी कार्यप्रणाली है कि वे स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराने की कोशिश करते हैं, जिनका विषयवस्तु पहले के अदालती आदेशों के माध्यम से पहले ही निपटाया जा चुका है। बता दें कि लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी प्रशांत मेहता और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर परमबीर सिंह (पूर्व मुम्बई पुलिस कमिश्नर) की तरफ से आरोप लगाया गया कि पूर्व ट्रस्टियों ने ट्रस्ट के अध्यक्ष के बैठने वाले केबिन में काला जादू किया है। बकौल प्रशांत मेहता वह अभी जिस केबिन में बैठ रहे हैं वहां के बारे में अस्पताल के कुछ पूर्व कर्मचारियों ने उन्हें बताया था कि इस कमरे में काला जादू किया गया है। इसके बाद प्रशांत मेहता ने उस कमरे की खुदाई कराई और फर्श के नीचे से 8 कलश मिले जिनमें इंसानी हड्डियां, बाल और काला जादू में इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग समान मिले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ताइवान ने दे चीन को दिया सख्त संदेश

**ताइपे (एजेंसी)।** चीन और ताइवान के बीच तनातानी जगजाहिर है। ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए चीन मिलिट्री ड्रिल करता रहा है। चीन ने हाल के दिनों में ताइवान के पास लगातार सैन्य अभ्यास किए हैं। इस बीच ताइवान के राष्ट्रपति विलियम लाई चिंग-ते ने बड़ा बयान दिया है। राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीनी घुसपैठ, जासूसी और द्वीप की रक्षा को कमजोर करने के अन्य प्रयासों से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। लाई ने चीन से जुड़ी हाल की कई



घटनाओं का हवाला दिया जो खुले सशस्त्र संघर्ष से इतर मनोवैज्ञानिक युद्ध के दायरे में आती हैं। राष्ट्रपति लाई ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''गोपनीय जानकारी प्राप्त करने, सशस्त्र बलों के सदस्यों को लुभाने और राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारे विश्वास को खत्म करने के लिए जनमत को प्रभावित करने के बीजिंग के प्रयासों को रोकने के वास्ते यह आवश्यक है कि हम ऐसी घटनाओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अपने कानूनी सुरक्षा उपायों को बढ़ाएं।'' लाई की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी द्वीप की बीजिंग से वास्तविक स्वतंत्रता की पक्षधर है। आठ साल पहले लाई की पूर्ववर्ती साई इंग-वेन के चुने जाने के बाद से चीन ने डीपीपी के साथ लगभग सभी आधिकारिक संपर्क समाप्त कर दिए हैं। चीन नियमित रूप से द्वीप के निकट हवाई क्षेत्र और जलक्षेत्र में जहाज और विमान भेजता रहता है, ताकि वह वहां के दो करोड़ 30 लाख लोगों को भयभीत कर सके और सशस्त्र बलों के मनोबल को कमजोर कर सके।

### अलास्का में ज्वालामुखी से तबाही की आहट!

**अलास्का (एजेंसी)।** अलास्का के पास स्थित माउंट स्पर ज्वालामुखी में आने वाले हफ्तों या महीनों में विस्फोट होने की संभावना बढ़ गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाल के दिनों में इस ज्वालामुखी में असामान्य गतिविधियां देखी गई हैं। एंकरेज से



लगभग 129 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में ज्वालामुखी %माउंट स्पर% पिछली बार 1992 में फटा था और इस दौरान लगभग 19 किलोमीटर दूर तक इसकी राख हवा में फैल गई थी।अलास्का ज्वालामुखी वेधशाला के अनुसार माउंट स्पर में महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हुए ज्वालामुखीय गैस उत्सर्जन का पता चला है। इसके अलावा क्रेटर में भी सक्रियता देखी गई है। वेधशाला ने बीते साल अक्टूबर में भूकंप से जुड़ी गतिविधियां बढ़ने और उपग्रह के आंकड़ों से जमीन की स्थिति देखने के बाद 'माउंट स्पर' के लिए अलर्ट की श्रेणी को 'येलो' तक बढ़ा दिया था।

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र कार्यालय में होली पर्व पर 14-15 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 मार्च को प्रकाशित होगा।
– संपादक

## मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की बढ़ेंगी मुश्किलें, भ्रष्टाचार के मामले में होगी आगे की कार्रवाई




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में सत्ता गंवाने के बाद अब आम आदमी पार्टी को एक और झटका लगा है। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। गृह मंत्रालय ने भ्रष्टाचार के मामले में इन दोनों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए मंजूरी दे दी है। दिल्ली उपराज्यपाल के दफ्तर ने इसकी जानकारी दी है। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय विभाग द्वारा दिल्ली सरकार के भूतपूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया (शिक्षा) के विरुद्ध जांच के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17-ए के अंतर्गत स्वीकृति गृह मंत्रालय से मांगी गई थी। ठीक इसी तरह सत्येंद्र जैन (पूर्व पीडबल्यूडी मंत्री) के खिलाफ भी आगे की कार्यवाही की इजाजत मांगी गई थी। इस मामले में दोनों के खिलाफ आगे की कार्यवाही की इजाजत गृह मंत्रालय द्वारा दे दी गई है।

दमकल की छह गाड़ियां मौके पर रहीं मौजूद

## दिल्ली के रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग, छह लोग झुलसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कनॉट प्लेस में गुरुवार दोपहर एक रेस्टोरेंट की रसोई में आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल की छह गाड़ियां मौके पर भेजी गई। बताया जा रहा है कि आग एलपीजी सिलेंडर में लीकेज की वजह से लगी थी। इस हादसे में 6 लोग झुलस गए है, उन्हें डीएफएस यूनिट में ले जाया गया है।
दिल्ली अग्निशमन दल को दोपहर करीब 11:55 बजे बिक्कगने बिरयानी रेस्टोरेंट में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद छह दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अधिकारी ने बताया कि रेस्तरां की रसोई में एलपीजी सिलेंडर लीक होने के कारण आग लग गई। घायलों को इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है।
खान मार्केट में एक रेस्तरां में आग के बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने दुकानों के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच करने का फैसला किया है। 22 फरवरी की सुबह खान मार्केट में एक रेस्तरां



में आग लगने के बाद यह निर्णय लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल स्टेशन को सुबह 2.56 बजे सूचना मिली थी, जिसके बाद छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग दो समीपवर्ती रेस्तरां की छत पर बने अस्थायी बार और डाइनिंग स्ट्रक्चर में लगी थी। दमकल कर्मियों ने ग्राउंड प्लस दो मंजिला इमारतों में स्थित दोनों प्रतिष्ठानों की लपटों पर काबू पा लिया था।डीएफएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हालांकि फायर एनओसी हासिल करने का मामला अदालत में विचाराधीन है, लेकिन विभाग समय-समय पर सभी दुकानदारों से प्रमाण पत्र हासिल करने का अनुरोध करता है। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें एनओसी की जांच करने के लिए खान मार्केट का दौरा करेंगी। खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मेहरा ने कहा कि सरकार को उन डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जिनके पास फायर एनओसी नहीं है, क्योंकि ऐसी घटनाएं न केवल गंभीर जोखिम पैदा करती हैं, बल्कि अन्य व्यवसायों को भी प्रभावित करती हैं।

## दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में चाकू मारकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के मंगलोपुरी इलाके में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए। वाहनों की



आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई। वहीं तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। अज्ञात बदमाशों ने धारदार-हथियार से युवक पर ताबड़तोड़ वार किए। वहीं, परिजन युवक को आननफानन में अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की हत्या से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने सड़कों पर उतर आए और वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह से ठप कर दिया। इस बीच तनाव के मद्देनजर मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। उधर, दिल्ली के सागरपुर मर्डर केस में पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है। फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। स्कूल में हुए विवाद के बाद छात्रों के दो गुटों में चाकूबाजी हो गई..जिसमें 16 साल के एक लड़के की जान चली गई। सरेआम हुई इस हत्या का लोग वीडियो बनाते रहे। लड़का तड़पता रहा लेकिन किसी ने भी उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया।

## 122 करोड़ के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में बड़ा खुलासा

ईओडब्ल्यू ने वांटेड दंपति की संपत्तियों के खोले राज

**मुंबई (एजेंसी)।** 122 करोड़ के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले मामले को जांच कर रही मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू को पता चला है कि मामले में वांटेड पूर्व अध्यक्ष हिरेन भानु और उनकी पत्नी, बैंक की कार्यवाहक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गौरी भानु ने 2019 और 2024 के बीच कई संपत्तियां खरीदी हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इसी अवधि में बैंक से 122 करोड़ रुपये चोरी हुए थे और इसी वजह से उन्हें शक है कि ये संपत्तियां अपराध की आय (प्रोसिड्स ऑफ क्राइम) हो सकती हैं। वर्तमान में ईओडब्ल्यू इसकी जांच कर रही है।
ईओडब्ल्यू फरार पति-पत्नी की संपत्तियों को जब्त करने के लिए बीएनएसएस की नई जोड़ी गई धाराओं का उपयोग करने की संभावना तलाश रही है, क्योंकि एमपीआईडी अधिनियम- जो पुलिस को अदालत की अनुमति के बिना संपत्ति जब्त करने का अधिकार देता है, इस मामले में लागू नहीं किया जा सकता है। अधिकारी ने आगे बताया कि हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि इन संपत्तियों को कैसे जब्त किया जा सकता है। क्योंकि इस मामले में एमपीआईडी अधिनियम लागू नहीं है, हम यह भी जांच कर रहे हैं कि क्या एमपीआईडी को एफआईआर में जोड़ा जा सकता है।




सूत्रों के मुताबिक, जांच से पता चला है कि 122 करोड़ रुपये के इस घोटाले के सामने आने से कुछ दिन पहले ही देश छोड़कर भागे दंपति ने मुंबई और उसके बाहरी इलाकों में कई संपत्तियां खरीदीं। ईओडब्ल्यू जब इन संपत्तियों की जांच कर रही थी तब उन्होंने पाया कि साल 2019 और साल 2024 के बीच हिरेन भानु द्वारा लगभग ?10-12 करोड़ की संपत्ति अर्जित की गई। सूत्रों ने आगे बताया कि ईओडब्ल्यू इस मामले में बीएनएसएस की धारा 107 (संपत्ति की कुर्की, जब्ती या बहाली) को जोड़ने पर विचार कर रही है।

## राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश युवती से रेप

सोशल मीडिया पर एक दोस्त से मिलने भारत आई थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से रेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कथित रेप की ये घटना एक ब्रिटिश युवती के साथ हुई है। ब्रिटिश युवती ने आरोप लगाया है कि वह सोशल मीडिया पर एक दोस्त से मिलने भारत आई थी। इस दौरान युवक ने होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्रिटिश युवती ने एक अन्य युवक पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। इस घटना से जुड़े दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
दरअसल, पीड़ित महिला ने दिल्ली पुलिस को बताया कि युवक से उसकी सोशल मीडिया के जरिये बातचीत शुरू हुई। इसके बाद युवती उससे मिलने के लिए इंडिया आई। युवती ने ही दिल्ली के महिपालपुर में होटल में रूम भी बुक करवाया था। मंगलवार को युवक और युवती दोनों होटल में पहुंचे। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही युवती को लगा कि युवक उसके साथ गलत करने की कोशिश कर रहा है। इस दौरान दोनों में झगड़ा भी हुआ। इसके बाद आरोपी युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया।




दिल्ली में ब्रिटिश युवती ने रेप के साथ ही एक अन्य युवक पर छेड़छाड़ की भी आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस को दी गई जानकारी में बताया है कि घटना के दौरान युवती ने चिल्लाया और होटल के रिसेप्शन तक पहुंच गई। तभी एक और युवक उसे लिफ्ट से रूम तक ले जा रहा था तो उसने युवती के साथ छेड़छाड़ की। दिल्ली में ब्रिटिश युवती से रेप के मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। दिल्ली पुलिस ने रेप और छेड़छाड़ मामले में दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भारत में ब्रिटिश हाई कमीशन को भी इस घटना के बारे में जानकारी दे दी है।

## जब होली के दिन हज तीर्थयात्रियों के लिए रोक दी गई थी ट्रेन

लोको पायलट पर लगाई गई थी निषेधाज्ञा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ष 1999 में वह होली का ही दिन था, जब हज तीर्थयात्रियों को यूपी के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील शहर मऊ से दिल्ली के लिए ट्रेन में सवार होना था और प्रशासन को ट्रेन को अस्थायी रूप से रोकने के लिए 'लोको पायलट' पर निषेधाज्ञा लगानी पड़ी। प्रशासन ने यह कदम सफेद वस्त्र पहने (मुस्लिम) तीर्थयात्रियों का आमना-सामना रंगों का त्योहार होली मना रहे हुड़दंगियों से नहीं होने देने के लिए उठाया था। ठीक 26 साल बाद, फिर से कुछ इसी तरह की स्थिति है। होली शुक्रवार को है। रमज़ान का महीना चल रहा है और विभिन्न राज्यों में, खासकर उत्तर प्रदेश के संभल में, प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए कमर कस रहा है कि जुमे की नमाज और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।
वर्ष 1999 के फाल्गुन मास में मऊ में अधिकारियों को पेश आई चुनौतियों का



उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह की पुस्तक ''थ्रू माई आइज़- स्केचेस फ्रॉम ए कॉप्स नोटबुक'' में विस्तार से उल्लेख किया गया है। उन्होंने पुस्तक में लिखा है कि रेलवे ने होली का त्योहार संपन्न होने तक, दोपहर में पहुंचने वाली ट्रेन को कुछ घंटे विलंबित करने के अधिकारियों के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था जिसके बाद मऊ में अधिकारियों ने लोको पायलट (ट्रेन चालक) पर निषेधाज्ञा लगा दी। राज्य पुलिस के पूर्व प्रमुख ने 'सीआरपीसी की धारा 144 के तहत ट्रेन' शीर्षक वाले अध्याय में कहा है, ''भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत आदेश, जो कि आम तौर पर गैरकानूनी रूप से एकत्र होने पर रोक लगाने और शांति व्यवस्था में खलल को रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, का उपयोग भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नहीं, बल्कि चलती ट्रेन को रोकने के लिए किया गया।''उन्होंने पुस्तक में लिखा है कि उस वर्ष होली के दिन ही बड़ी संख्या में हज यात्रियों को रवाना होना था। वे मऊ से दिल्ली के लिए ट्रेन में सवार होने वाले थे। मक्का के लिए विमान में सवार होने से पहले यह उनका पहला पड़ाव था। ट्रेन दोपहर के समय पहुंचने वाली थी, ठीक उसी समय जब होली का त्योहार अपने चरम पर होता है। पुस्तक के अनुसार, सफेद कपड़े पहने मुस्लिम तीर्थयात्रियों के लिए, सड़कों पर इस उल्लासपूर्ण माहौल में फंसने से बच निकलने की गुंजाइश न होने को जिला प्रशासन ने पहले ही भांप लिया था। जिले में सांप्रदायिक झड़पों के इतिहास को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने रेलवे अधिकारियों से मदद मांगी और ''अनुरोध किया कि ट्रेन को कुछ घंटों के लिए विलंबित कर दिया जाए।'' हालांकि, रेलवे ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि रेलगाड़ियों की समय-सारिणी में बदलाव नहीं किया जा सकता।

## नोएडा में धारा 163 लागू, बिना इजाजत सार्वजनिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध

**नोएडा (एजेंसी)।** गौतमबुद्धनगर जिले में आज से अगले तीन दिनों तक (13 मार्च से 15 मार्च तक) बीएनएस की धारा 163 (पूर्व में धारा 144) लागू रहेगी। इस दौरान बिना इजाजत लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध रहेगा। इस वर्ष होली 14 मार्च यानि शुक्रवार को जुमे की नमाज के साथ पड़ रही है, जिसके मद्देनजर पुलिस और नागरिक प्रशासन दोनों ने पूरे




गौतमबुद्धनगर जिले में सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं ,उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में त्योहारों के मद्देनजर बीएनएस की धारा 163 कल से लागू हो जाएगी। लखनऊ में धारा 163 करीब दो महीने तक लागू रहेगी। आनेवाले दिनों में विभिन्न त्यौहारों के मद्देनजर प्रशासन ने 14 मार्च से बीएनएस की धारा 163 लगाने का फैसला लिया है। बता दें कि अगले कुछ दिनों में होली रंगोत्सव शीतला अष्टमी, नमाज, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयन्ती, अम्बेडकर जयन्ती, गुड फ्राइडे, परशुराम जयन्ती महाराणा प्रताप जयन्ती, बुद्ध पूर्णिमा जैसे त्यौहार मनाए जाएंगे। ऐसे में कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहारों को संपन्न कराने के लिए एहतियातन यह फैसला लिया गया है।

# सहकारिता के माध्यम से ही समृद्धि होगी स्थापित : सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारिता का संकल्प नए आयाम स्थापित करेगा। सहकारिता के माध्यम से ही समृद्धि स्थापित होगी। जरूरत है मेहनत, लगन और पारदर्शिता की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नवाचार से किये गये कार्य के जरिये व्यक्ति नई ऊंचाईयों को पा सकता है। मंत्री श्री सारंग बुधवार को अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजनांतर्गत ई-पैक्स प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम पर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सहकारिता विभाग में 25 अनुकम्पा नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति आदेश भी प्रदान किये। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णबाल भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारिता में ब्रांडिंग और दृढ़ता के साथ काम करने की भावना स्थापित हो। नित नये नवाचार के जरिये अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा पूरी दुनिया में उदाहरण है जिन्होंने काम



किया लोग उन्हें ही याद रखते है। इसलिये स्वयं अपने व्यक्तित्व निर्माण के साथ उत्कृष्ट कार्य करें, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिले और लोग उन्हें याद रखे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा की सीखने की कोई उम्र नहीं होती। सीखने की चाहत सफल बनाती है। सहकारिता के माध्यम से ही अर्थ-व्यवस्था का उन्नयन किया जा सकता है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रहा है। कम्प्यूटराइजेशन की इस बड़ी मुहिम में पारदर्शिता के साथ हमारा प्रयास सफल रहा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि मध्यप्रदेश का नया सीपीपीपी (को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पारटरशिप) मॉडल की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में सराहना हुई। यही नहीं राज्य सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में 2500 करोड़ के एम.ओ.यू. भी किये। मंत्री श्री सारंग ने सहकारिता विभाग में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वालों को भी जिम्मेदारी के साथ दिये गये काम को सम्पादित करने को कहा। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि पारदर्शिता, निपुणता और व्यावसायिकता के साथ काम करें। इस मौके पर उन्होंने एक मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया। अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक श्री मनोज गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। आयुक्त सह पंजीयक श्री मनोज पुष्प, श्री पी.एस. तिवारी और श्री बी.एस. शुक्ला उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने इंदौर की कु. प्रेरणा सोनी, टीकमगढ़ की श्रीमती तरूणा झाम और श्रीमती ऊषा सेन, नरसिंहपुर की कु. पूर्णिमा गहलोद, शाजापुर की कुमारी सौम्या मालवीय, महाराष्ट्र वर्धा की कु. योगिता सतपाल, सतना की श्रीमती शुभांगी श्रीवास्तव और श्रीमती सुभद्रा सिंह, जबलपुर की कु. कंचन दाहिया और श्रीमती भावना तिवारी, रतलाम की सुश्री नेहा सोलंकी, सागर के ओजस्वा यादव और श्री अमित जाटव, बालाघाट के श्री विजय राज सोनवे, रीवा के श्री संजय रत्नाकर, सीहोर श्री मुकेश कुमार और श्री दीपेश सिसोदिया, विदिशा के विनोद रायकवार, बैतूल के श्री हेमंत प्रधान, मुरैना के श्री अक्षय चौहान, रीवा के श्री देशराज वर्मा, भोपाल के श्री जयकुमार रेगर, सिवनी के श्री आशीष कोरी और सीधी के श्री राजेश कुमार पटले को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

## किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर बना है बजट-कृषि मंत्री कंषाना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने प्रदेश के बजट वर्ष 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। बजट में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 5220 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अटल कृषि ज्योति योजना के अंतर्गत 13909 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए 5 हॉर्स पावर के कृषि पंपों, थ्रेसरों तथा एक बत्ती कनेक्शन को निशुल्क विद्युत प्रदाय की प्रतिपूर्ति के अंतर्गत 5299 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना के अंतर्गत 1000 करोड़, समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस का भुगतान के अंतर्गत 1000 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 850 करोड रुपए सहित कई प्रावधान किए गए हैं। मंत्री श्री कंसाना ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। किसान कल्याण मिशन अंतर्गत किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

## प्रदेश की प्रगति को गति देगा सर्वहितकारी बजट-मंत्री सिंह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश को विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में 2025-26 का बजट एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इसे सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को मजबूत करेगा। बजट में अधोसंरचना, औद्योगिक विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। लोक निर्माण विभाग के लिए इस वर्ष के बजट में 13,643 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 3,468 करोड़ रुपये या लगभग 34 प्रतिशत अधिक है। प्रस्तुत बजट में राशि 6558 करोड़ रूपये के 790 सड़क निर्माण कार्य, राशि 1227 करोड़ रूपये के पुल निर्माण कार्य, राशि 259 करोड़ रूपये के 88 सड़क मजबूतीकरण कार्य, राशि 683 करोड़ रूपये के नवीन मुख्य जिला मार्गों के उन्नयन कार्य एवं म.प्र. सड़क विकास निगम के 16 निर्माण कार्य सम्मिलित है। मंत्री श्री सिंह ने इस जन हितैषी और प्रगतिशील बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वित्त एवं उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश में आर्थिक सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री श्री सिंह ने निविदा शर्तों में बदलाव, औचक निरीक्षण प्रणाली, अतिरिक्त परफॉर्मेंस गारंटी एवं प्री-क्वालिफिकेशन मानदंडों में संशोधन की जानकारी देते हुए कहा, हमारा उद्देश्य लोक निर्माण से लोक कल्याण के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए राज्य में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को नए आयाम पर ले जाना है।

## प्रदेश के विकास और हर वर्ग के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है यह बजट - पशुपालन राज्य मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट प्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगा और हर वर्ग के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। बजट में गत वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। पशुपालन विभाग का वित्त वर्ष 2024-25 में बजट अनुमान 2149 करोड़ 92 लाख 19 हजार रूपये था। इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बढ़ाकर 2480 करोड़ 98 लाख 44 हजार रूपये किया गया है। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस बजट में पशुपालन विभाग के अंतर्गत गहन पशु विकास परियोजना के लिए रूपये 858 करोड़, गौ-संर्वधन और अन्य पशुओं के संवर्धन के लिए रूपये 505 करोड़, मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के लिए रूपये 200 करोड़, मुख्यमंत्री सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के लिए रूपये 180 करोड़, गौ-अभयारण्य अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र के लिए रूपये 117 करोड़, महत्वपूर्ण पशु रोगों की विधिवत रोकथाम के लिए रूपये 94 करोड़, चलित पशु-कल्याण सेवाओं के लिए रूपये 83 करोड़, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर को ग्रांट के लिए रूपये 78 करोड़, जिला एवं संभाग स्तर के लिए रूपये 56 करोड़ तथा मुख्यमंत्री डेयरी विकास योजना के लिए रूपये 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था तथा आर्थिक एवं सामाजिक विकास में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के हित में 卐मुख्यमंत्री डेयरी विकास योजना卐 प्रारम्भ की गई है, जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन तथा संबद्ध दुग्ध संघों के संचालन एवं प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ अनुबंध की स्वीकृति दी गई है। इस अनुबंध से दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या तथा दुग्ध संकलन में वृद्धि होगी एवं प्रदेश का साँची ब्रांड मजबूत होगा।

## मध्यप्रदेश का बजट जल जीवन मिशन को देगा नई गति-मंत्री श्रीमती उइके

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत वर्ष 2025-26 का बजट प्रदेश के समग्र विकास का प्रतिबिंब है। हर वर्ग की उन्नति को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस बजट में जल जीवन मिशन के तहत 17,136 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश के प्रत्येक ग्रामीण घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। यह कदम न केवल जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जल संरक्षण और अधोसंरचना विकास को भी नया आयाम देगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि यह बजट महिलाओं, किसानों, युवाओं और समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट दूर होगा, बल्कि महिलाओं और बच्चों को होने वाली असुविधा से भी राहत मिलेगी। स्वच्छ जल की सहज उपलब्धता से ग्रामीण जीवनस्तर में व्यापक सुधार आएगा और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों में कमी आएगी।

प्रदेश के जल संसाधनों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जल आपूर्ति से जुड़ी अधोसंरचनाओं को और मजबूत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में घर-घर नल से जल पहुंचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को इस बजट से और अधिक गति मिलेगी। इस वर्ष जल संरक्षण और जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रावधान राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जल संसाधनों के संवर्धन और स्वच्छता के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का जो संकल्प लिया गया है, वह इस बजट से और मजबूत हुआ है।

## ''पूर्व क्षेत्र कंपनी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने प्रतिबद्ध''

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं 24×7 निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदाय करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी 24×7 कार्यरत रहते हैं। वर्तमान समय में स्थापित विद्युत अधोसंरचना में 33 केव्ही के 739 फीडर, 11 केव्ही के 5205 फीडर, 298160 वितरण ट्रांसफार्मर, 2179 पावर ट्रांसफार्मर एवं 1223 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शामिल है। इनमें प्रतिदिन औसतन 2500 परमिट, 150 के लगभग असफल वितरण ट्रांसफार्मर बदलना जैसे आदि कार्य सम्पादित हो रहें हैं। सभी कार्यों को 99.99 प्रतिशत सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली मे लाइनमैन दिवस के अवसर पर म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर कंपनी के स्टॉफ को बधाई दी है। कंपनी को यह अवॉर्ड समस्त लाइनकार्मिकों को सुरक्षा किट प्रदान किये जाने, निरन्तर सुरक्षा, तनाव प्रबंधन, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ संबंधी प्रशिक्षण और सुरक्षा मानको को बेहतरीन ढंग से लागू किये जाने से दुर्घटना न्यूनतम रहने पर मिला है।

## मध्यप्रदेश में सड़कों पर नहीं दौड़ेंगे 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहन, स्क्रैप कराने पर मिलेगी 25 प्रतिशत तक टैक्स में छूट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बजट में 15 वर्ष आयु पूरी कर चुके सभी तरह के वाहनों को स्क्रैप कराना अनिवार्य किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फेसिलिटी( आरवीएसएफ) के तहत वाहनों का स्क्रैप कराया जा सकता है। यदि कोई शासकीय व निजी वाहन स्क्रैप कराता है तो उसे नया वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट दी जाएगी। परिवहन विशेषज्ञ श्यामसुंदर शर्मा का कहना है कि इससे भोपाल सहित प्रदेश भर में बढ़ रहे वहनों की संख्या कमी आएगी। ट्रैफिक व्यवस्था ठीक होगी।



साथ ही पेट्रोल, डीजल के ऐसे वाहन जिनकी उम्र 15 वर्ष हो चुकी है, वो स्क्रैप होने से पर्यावरण का संरक्षण हो सकेगा। कई ऐसे वाहन हैं, जो धुंआ छोड़कर वायु प्रदूषण फैलाते हैं।

इससे आसपास का वातावरण अशुद्ध होता है, लेकिन इसमें वाहनों की स्थिति भी देखी जानी चाहिए। यदि वाहन टीक है तो उसे स्कैप के दायरे से बाहर किया जाए।

कई ऐसे लोग होते हैं, जो आत्मीय रूप से वाहनों से जुड़ जाते हैं और उनके वाहनों की पीयूसी व फिटनेस ठीक रहती है। बजट में सबसे अच्छी बात यह है पुराने वाहनों को स्क्रैप कराकर नया वाहन खरीदने पर मोटरयान कर यानि टैक्स में छूट मिलेगी।

परिवहन वाहनों में 15 प्रतिशत और गैर परिवहन वाहनों में 25 प्रतिशत तक की टैक्स में छूट देने का प्रविधान किया गया है।

## मध्यप्रदेश बजट 2025-26 ज्ञान मंत्र के साथ आत्मनिर्भर प्रदेश की दिशा में बड़ा कदम -मंत्री टेटवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट 2025-26 प्रदेश के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास का संकल्प है। वित्त एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत इस बजट को ज्ञान मंत्र की अवधारणा पर तैयार किया गया है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के उत्थान को प्राथमिकता दी गई है। पहली बार जीरो-बेस्ड बजट के रूप में तैयार इस बजट में 1500 से अधिक सुझावों को शामिल किया गया है, जिससे सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बनाई गई हैं। कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कहा है कि यह बजट प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। प्रदेश में युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। आई.टी.आई. विहीन 22 विकासखंडों में नवीन आई.टी.आई. स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे प्रदेश में आई.टी.आई. की कुल संख्या बढ़कर 958 हो जाएगी और प्रशिक्षण क्षमता 1.21 लाख सीटों तक विस्तारित होगी। उन्होंने बताया कि शासकीय आई.टी.आई. देवास, छिंदवाड़ा और धार में ग्रीन स्किलिंग के तहत सोलर टेक्नीशियन और इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के युवा भविष्य की तकनीकों में दक्ष हो सकेंगे। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई कौशल विकास कार्यक्रम के तहत युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षित करने के लिए एक समग्र योजना बनाई गई है।

## प्रधानमंत्री के चार संकल्प पर आधारित प्रदेश के समावेशी विकास का बजट-खाद्य मंत्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट का मुख्य फोकस प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के चार संकल्प गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता और नारी शक्ति का सर्वांगीण विकास है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि आज प्रस्तुत बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का बजट है।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि बजट में सभी वर्गों के कल्याण के लिए समुचति प्रावधान किये गए हैं। उन्होंने कहा है कि बजट में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के लिए गत वर्ष की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। इससे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आयेगी।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस के भुगतान के लिए एक हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख हितग्राहियों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये गए हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ऐसे हितग्राही जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं, उन्हें राज्य सरकार की गैर उज्ज्वला योजना में शामिल किया गया है। इन दोनों योजनाओं के लिए 442 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के किसानों को धान उपार्जन के लिए 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर के मान से प्रोत्साहन राशि देने के लिए 850 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। श्री राजपूत ने बताया कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत परिवहन कमीशन व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए 625 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। डबल फोर्टिफाइड़ आयोडिन युक्त नमक के वितरण के लिए 140 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के औद्योगिक विकास के संकल्प से मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल रही है। हाल ही में संपन्न जीआईएस से प्राप्त 27 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव से प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की नई इबारत लिखी जा रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के युवा, अन्नदाता, मातृशक्तियों एवं गरीब कल्याण की दिशा में आर्थिक संबल प्रदान करना है। प्रदेश के 19 उत्पादों को जीआई टैग मिलने का जिक्र करते हुये कहा कि समावेशी विकास में जुटी मोहन सरकार अब सुशासन की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुये जिला विकास समिति का गठन का निर्णय लेकर अब जिला स्तर पर विकास का रोड़ मैप तैयार करने का संकल्प लिया है। श्री राजपूत ने मुख्यमंत्री समृद्धि परिवार योजना, मुख्यमंत्री वंदन ग्राम योजना, प्रधानमंत्री जन-मन योजना, मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना तथा सोलर पार्क के विकसित होने पर प्रसन्ता जाहिर करते हुये कहा कि आने वाले समय में मध्यप्रदेश रोजगार और विकास के नये स्वरूप में नजर आयेगा।

## लाल परेड मैदान से निकला 40 फोर व्हीलर वाहनों का काफिला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** होली और रंगपंचमी को रखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। मंगलवार शाम 4 बजे लाल परेड मैदान से फ्लैग मार्च प्रारंभ हुआ। पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र के नेतृत्व में 300 पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया।

फ्लैग मार्च में 40 चार पहिया वाहनों के साथ आरएएफ, क्यूआरएफ, एसएएफ, थाना प्रभारी, यातायात पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने भाग लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य शहर में सुरक्षा का संदेश देना और असामाजिक तत्वों में भय पैदा करना था, जिससे नागरिक निर्भीक होकर अपने त्योहारों को मना सकें।



फ्लैग मार्च लाल परेड मैदान से प्रारंभ होकर लिली टॉकीज तिराहा, जिंसी तिराहा, बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, अशोक गार्डन, 80 फीट रोड, भारत टॉकीज ओवरब्रिज, संगम टॉकीज तिराहा, काली मंदिर, चार बत्ती चौराहा, रेत घाट, रॉयल मार्केट तिराहा, लालघाटी चौराहा होते हुए वापस लाल परेड ग्राउंड पर समाप्त हुआ।

फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस के रुद्र, वज्र, थाना मोबाइल, जिप्सी, और बस समेत अन्य वाहनों ने भी हिस्सा लिया।

पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा कि भोपाल में शांति बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। होली, ईद और अन्य त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस मुस्तैदी से तैनात रहेगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि आम नागरिक निश्चिंत होकर त्योहारों का आनंद ले सकें।

# मुर्गा खाने के विवाद में की दोस्त की हत्या

## सिंगरौली की जयंत पुलिस ने किया खुलासा, 11 मार्च को मिला था शव



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले की जयंत पुलिस ने गुरुवार को एक हत्याकांड का खुलासा किया है। मामला 11 मार्च की रात का है। जयंत के सैलो बस्ती नर्सरी में वीरेंद्र भारती की लाश मिली थी। उसके सिर और आंख पर चोट के निशान थे।

जयंत चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार के मुताबिक, जांच में सामने आया कि मृतक वीरेंद्र भारती और आरोपी शाह हुसैन दोस्त थे। 11 मार्च को वीरेंद्र ने शाह हुसैन को मुर्गा दिया था। दोनों ने शाम को साथ बैठकर खाने का वादा किया था।

आरोपी ने बताया- मुझे भूख लग गई थी। इसलिए मैंने अकेले ही पूरा मुर्गा खा लिया। शाम को वीरेंद्र आया तो इसी बात पर झगड़ा हो गया। गुस्से में मैंने वीरेंद्र को डंडे से पीट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश की तरफ भागने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# वन भूमि में प्लांटेशन रोकने पर विवाद

## अवैध कब्जेदारों ने डिप्टी रेंजर और उनके साथी पर किया हमला, 5 के खिलाफ केस



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र में गुरुवार को वन विभाग के प्लांटेशन काम को लेकर विवाद सामने आया है। पोड़ी सर्किल के गोदवाल रेंज में डिप्टी रेंजर अशोक द्विवेदी के साथ मारपीट हुई है। चक्रवाह गांव में वन विभाग वन भूमि पर प्लांटेशन करा रहा था। कुछ लोगों ने इसी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। ये लोग मजदूरों को प्लांटेशन से रोक रहे थे। मजदूरों ने इसकी सूचना डिप्टी रेंजर को दी।

डिप्टी रेंजर मौके पर पहुंचे और आरोपियों को समझाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि यह सरकारी कार्य है और वन भूमि पर किया जा रहा है। लेकिन आरोपी अपनी जमीन बताकर नहीं मान रहे थे।

इसी दौरान 4 सगे भाई भैयालाल, दिनेश साकेत, मेघ साकेत और मुन्ना साकेत ने श्यामलाल प्रजापति के साथ मिलकर डिप्टी रेंजर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से पिटाई की। कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया, तब डिप्टी रेंजर वहां से भागकर थाने पहुंचे। रेंजर की शिकायत पर ब्यौहारी पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सामूहिक विवाह के अपात्र जोड़ों की जांच होगी

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर एफआईआर कराएं: कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अवकाश के दिनों में भी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करें। शिकायत निवारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**सामूहिक विवाह के अपात्र मामलों में कार्रवाई के निर्देश:** बैठक में 7 मार्च को आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह समारोह का मुद्दा भी उठा। कुछ अपात्र जोड़ों के विवाह की शिकायत पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत के प्रमुख कार्यपालन अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक या अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

**इनकी रही मौजूदगी:** बैठक में संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, डिप्टी कलेक्टर देवेंदर द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़, आबकारी अधिकारी खेमराज श्याम, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चंद्रवंशी और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्यौहारी में दो घरों से जेवरात चोरी का खुलासा, पुलिस ने 5 आरोपियों को पकड़ा, 3 लाख के सोने-चांदी के गहने जब्त



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** ब्यौहारी पुलिस ने दो घरों में हुई चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन लाख रुपए के जेवरात बरामद किए हैं। पहली चोरी 28 जनवरी को वार्ड नंबर 2 में रामचरण गुप्ता के घर में हुई। चाट-फूल्की का ठेला लगाने गए रामचरण जब घर लौटे तो उन्होंने ताला टूटा पाया। पेटी और आलमारी से सोने-चांदी के जेवर गायब थे।

दूसरी वारदात 8 मार्च को वार्ड नंबर 5 में राजीव ताम्रकार के घर में हुई, जहां से भी जेवरात चोरी हुए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम को सूचना मिली कि मुदरिया निवासी छोटू कंजर ने अपने चार साथियों के साथ चोरी की है। आरोपियों में रामा कोल, बाबूलाल कोल, सूरज कोल और ओमप्रकाश कोल शामिल हैं। सभी पटकहली टोला मुदरिया के रहने वाले हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर सोने का मंगलसूत्र, मनचली माला, कान के झुमके, बालियां, नाक की कील, चांदी की पायल, बच्चों की पायल, छलबल और 18 जोड़ी बिछिया बरामद की। बरामद जेवरात की कीमत करीब तीन लाख रुपए है।

# तार के बंडल में गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा, 47 किलो गांजा जब्त



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तार के बंडल में छिपाकर गांजा ले रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौकी सरई के प्रभारी मंगला प्रसाद दुबे को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में तार के बंडलों के बीच गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था।

टीम ने अहिरगवां चौराहे पर नाकाबंदी की। ट्रक नंबर यूपी 70 एफटी 9038 को रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान तीन बोरों में 47.19 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गांजे की कीमत लगभग 4.70 लाख रुपए आंकी गई है।

जब्त किए गए सामान में ट्रक में लदे तार के बंडल की कीमत 17.53 लाख रुपए है। ट्रक की कीमत करीब 50 लाख रुपए है। कुल 72.23 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

पुलिस ने प्रयागराज जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ट्रक ड्राइवर शीतला प्रसाद यादव (40) और क्लीनर अर्जुन (22) को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# निर्माणाधीन मकान में सोते समय शिक्षक की हत्या

## गर्दन पर किया गया कुल्हाड़ी से हमला, तिदुनी गांव की घटना




**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना जिले के तिदुनी गांव में शहपुरा प्राथमिक स्कूल के 50 वर्षीय शिक्षक नरेश प्रजापति की निर्माणाधीन मकान में सोते समय हत्या कर दी गई।

नरेश प्रजापति बुधवार को स्कूल से लौटने के बाद अपने निर्माणाधीन मकान में बिल्डिंग मटेरियल की देखरेख के लिए रात में वहीं रुके थे। उनका परिवार पुराने मकान में सो रहा था। रात में किसी ने उनकी गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

सुबह जब परिजनों ने उन्हें चारपाई पर मृत देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की टीम को भी पन्ना से बुलाया है।

तिदुनी ग्राम पंचायत के सरपंच रावेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार, मृतक का गांव में किसी से कोई विवाद नहीं था। शाह नगर थाना प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और जल्द ही हत्यारे का पता लगा लिया जाएगा।

मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम शाह नगर अस्पताल में कराया जा रहा है।

## कलेक्टर ने 13-14 मार्च को शुष्क दिवस किया घोषित

**अनूपपुर।** अनूपपुर के कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गुरुवार को होली त्योहार को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग से कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर पंचोली ने अनुविभागीय दंडाधिकारियों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मैदानी भ्रमण का निर्देश दिया है। साथ ही पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने को कहा है। पटवारी और कोटवारों की थानावार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। होली को लेकर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जाएगा। नदी, नाले और पोखर जैसे खतरनाक क्षेत्रों में लोगों के जाने पर रोक रहेगी। कलेक्टर ने कहा है कि होली का रंग केवल दूसरे व्यक्ति की सहमति से ही लगाया जाए।

# बागेश्वर धाम में होली महोत्सव का आगाज

## सेवादारों ने खेली फूलों की होली, पं. शास्त्री बोले- त्योहार आपस में मेल-मिलाप बढ़ाते हैं



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।**

छतरपुर के सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में तीन दिवसीय होली महा महोत्सव की शुरुआत हो गई है। पहले दिन बुधवार को फूलों की होली खेली गई, जो धाम के सेवादारों को समर्पित रही।

बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह सनातन की होली है। यह लोगों के जीवन में रंग घोलने का काम करती है। महाराज ने छोटे-छोटे बच्चों को स्नेह और आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बालाजी को गुलाल-अबीर समर्पित करने के साथ हुई। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म सबको एकजुट करने का माध्यम है। हमारे त्योहार आपस में मेल-मिलाप बढ़ाते हैं।

**देर रात तक हुई भजनों की प्रस्तुति:** इस दौरान प्रसिद्ध कथा वाचिका चित्रलेखा ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने बागेश्वर धाम को वृंदावन का रूप दे दिया। हजारों श्रद्धालु उनके भजनों पर झूमने लगे। उन्होंने 'श्याम चंदा है श्यामा चकोरी' से शुरुआत की।

उन्होंने कई लोकप्रिय भजन गाए, जिनमें 'कारे को लाल बना रही रे बरसाने वाली', 'डारो डारो रे रंग बनवारी पर', 'होली पर तबाही मच जाएगी', 'मेरी बीती उमरिया सारी' और 'होरी खेले रघुवीरा अवध में' शामिल थे। कार्यक्रम देर रात तक चला।

## अवैध खनन मामले में 24 लोगों पर जुर्माना

# कलेक्टर ने लगाया 7.26 लाख रुपए की पेनल्टी, वाहन भी जब्त



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिला प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के मामले में 24 लोगों पर कुल 7 लाख 26 हजार 750 रुपए का जुर्माना लगाया है।

खनिज विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, सभी आरोपी ट्रैक्टरों से अवैध खनन और परिवहन कर रहे थे। इन वाहनों को मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने सभी आरोपियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

नोटिस के जवाब में वाहन चालकों ने खुद को पेश किया और बिना ईटीपी के खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण का अपराध स्वीकार किया। कलेक्टर जैसवाल ने आदेश दिया है कि जुर्माना राशि जमा करने के बाद ही वाहन मुक्त किए जाएंगे।

# छात्रावासों में लापरवाही पर कलेक्टर की कार्रवाई, हॉस्टल अधीक्षक निलंबित, दो की वेतनवृद्धि रोकी

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले के चार छात्रावास अधीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है। निरीक्षण में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

गौरिहार के शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक प्रमेश प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान वे छात्रावास में उपस्थित नहीं मिले। निलंबन अवधि में उन्हें शासकीय आदिवासी बालक आश्रम टिपारी में तैनात किया गया है। बारीगढ़ के शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक दीपक त्रिपाठी भी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। छात्रावास में मच्छरजाली नहीं लगी थी। उनकी वेतनवृद्धि रोक दी गई है और विभागीय जांच शुरू की गई है।

नयागांव के अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास की अधीक्षिका सविता शर्मा के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। छात्रावास के रिकॉर्ड अपडेट नहीं थे और वे रात में छात्रावास में नहीं रुकती थीं। उनकी भी एक असंचयी वेतनवृद्धि रोक दी गई है। गौरिहार के अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की अधीक्षिका उर्मिला अहिरवार को चेतावनी दी गई है। आकस्मिक निरीक्षण में छात्रावास में बिस्तर सामग्री कम पाई गई। उन्हें 15 अप्रैल 2025 तक स्थिति में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

# अंबेडकर की मूर्ति चोरी

## तीन दिन पहले ही हुई थी स्थापना, ग्रामीण बोले- गांव के दबंग जमीन कब्जाना चाहते हैं



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की चोरी हो गई। घटना गढ़ीमलहरा के बारी गांव में बुधवार रात की है। आज सुबह मूर्ति नहीं दिखने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। अधिकारियों की समझाइश के बाद धरना खत्म हुआ। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ा जाएगा। अभी गांव वालों ने समझाइश के बाद धरना बंद कर दिया है। सभी के सहयोग से नई मूर्ति लगाई जा रही है। भीम आर्मी की मांग है कि आरोपियों को पकड़कर शहर में उनका जुलूस निकाला जाए।

एएसपी विदिता डांगर ने बताया कि ग्रामीणों ने कुछ संदिग्धों के नाम बताए हैं। पुलिस इस दिशा में जांच कर रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**मूर्ति स्थापना का विरोध कर रहे थे कुछ लोग:** रहवासी जयप्रकाश ने बताया, कुछ लोग पहले से ही मूर्ति स्थापना का विरोध कर रहे थे। ओमप्रकाश अहिरवार ने खुलासा किया कि कुछ लोग जमीन पर अतिक्रमण करना चाहते थे। इस मामले में पहले कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत भी की गई थी। मूर्ति चोरी होने पर अहिरवार समाज के लोग आक्रोशित हैं। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**जमीन का कुछ हिस्सा अंबेडकर के नाम:** जमीन से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, विवादित भूखंड का कुल रकबा 3.237 हेक्टेयर है, जिसमें से 0.650 हेक्टेयर जमीन डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम दर्ज है। वर्तमान में गांव के कुछ दबंग लोग इस जमीन पर कब्जा करना चाहते थे, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे थे।

10 मार्च को अहिरवार समाज ने गांव के स्कूल के पास हरई रोड पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी। स्थापना के दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में आसपास और जिले के लोग मौजूद थे।

# राधिका रानी मंदिर में फाग उत्सव शुरू

## रंग पंचमी तक मथुरा-वृंदावन जैसा समारोह चलेगा



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना में होलिका दहन से पूर्व गुरुवार सुबह से ही राधिका मंदिर में कार्यक्रम प्रारंभ हो गए। प्रणामी सम्प्रदाय के भक्त मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। सजी-धजी महिलाओं और पुरुषों ने फाग गायन के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाया। जिसके बाद धाम मोहल्ले में घर-घर निमंत्रण देने पहुंचे और लोगो से मंदिर में आयोजित होने वाले जागरण कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

होलिका दहन के बाद रात को मंदिर में जागरण होगा। भोग के बाद रात 10 बजे महारानी के मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु जुटेंगे। देश भर से प्रणामी सम्प्रदाय के अनुयायी होली मनाने पहुंच रहे हैं। जुगलकिशोर मंदिर में बुंदेलखंड क्षेत्र से हजारों भक्तों का जमावड़ा लग रहा है।

**रंग पंचमी तक चलेगा उत्सव:** पन्ना में होली का त्योहार मथुरा-वृंदावन की तरह धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री जुगलकिशोर जी मंदिर और प्राणनाथ जी मंदिर में होली का उत्सव रंग पंचमी तक चलेगा।

किलकिला नदी के पास स्थित पन्ना धाम प्रणामी सम्प्रदाय का प्रमुख तीर्थस्थल है। यहां स्थित राधिका रानी मंदिर के क्षेत्र को बरसाना कहा जाता है।

श्री प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यहां से कुछ दूर कृष्ण और कृष्णलीला को समर्पित बृह्म चबूतरा है। इस पवित्र स्थल को बृजभूमि और परना परम धाम के नाम से जाना जाता है।

## हाई स्कूल के सामाजिक विज्ञान विषय में 17669 परीक्षार्थी हुए शामिल

# जिले में संचालित है शांति पूर्ण परीक्षा




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल बोर्ड की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 13 मार्च को जिले के 66 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें से 18047 दर्ज छात्रों में से 17669 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 378 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता बनाये रखने के लिये पैनल का गठन किया गया है। एस.डी.एम. कुसमी प्रिया पाठक द्वारा भदौरा, टमसार, उत्कृष्ट कुसमी का भ्रमण किया गया।

**डीईओ ने उमरिया और चिनगवाह परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण:** डॉ प्रेमलाल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मझौली मुख्यालय के तीनों परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट मझौली, मॉडल मझौली और कन्या मझौली, शा.उ.मा.वि. उमरिया और चिनगवाह का निरीक्षण किया गया। प्रवीण शुक्ल एडीपीसी और एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र द्वारा भी मझौली और कुसमी के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया।

दीप्ती वनवासी सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा परीक्षा केन्द्र कंधवार, ममदर का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा पनवार, सेमरिया का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मझौली द्वारा टिकरी, मडवास, डांगा, गिजवार का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिहावल द्वारा तरका, पोखरा का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन द्वारा शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.रामपुर नैकिन का निरीक्षण किया गया। पी.के. पाण्डेय द्वारा कमछ, भदौरा, टमसार का निरीक्षण किया गया।

**कलेक्टर के निर्देशानुसार संचालित है कंट्रोल रूम:** बोर्ड परीक्षा हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम गठित है, विजय सिंह एमआईएस प्रशासक द्वारा सभी 66 केंद्रों से ऑनलाइन जानकारी प्रति दिन संकलित कर राज्य स्तर को प्रेषित की जाती है। कन्ट्रोल रूम प्रभारी रामकृष्ण तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है जिले किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नही है। नकल प्रकरण निरंक।

## विचार

# हिंदी को राजभाषा का दर्जा– वरदान या श्राप

हिंदी के राजभाषा बनने से हम हिंदी भाषियों को क्या मिला? एक अदद हिंदी दिवस, जिसकी उबाऊ सरकारी रस्म हमें याद दिलाती है कि बाकी 364 दिन अंग्रेजी दिवस हैं। राजभाषा अधिकारियों की चंद नौकरियां, जिसके सहारे हीनताबोध को आक्रामकता में बदला जा सके। राजभाषा विभाग की बनाई एक कृत्रिम भाषा, जिसे न कोई बोलता, न समझता है। एक झूठी ऐंठ। हिंदी पट्टी की दर्जनों भाषाओं से सौतेला रिश्ता। और गैर हिंदी भाषियों से बिना बात का झगड़ा। इस राजभाषा के झंझट से पिंड क्यों न छुड़ा लिया जाए? यह सवाल मेरे मन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बयान को पढ़कर आया। तमिलनाडु सरकार क्षुब्ध है कि केंद्र ने समग्र शिक्षा योजना के तहत तमिलनाडु की 2000 करोड़ से अधिक राशि इस कारण रोक ली कि वह नई शिक्षा नीति के तहत त्रिभाषा फार्मूले को लागू नहीं कर रही। मुख्यमंत्री का गुस्सा स्वाभाविक था, चूंकि त्रिभाषा फार्मूले से तमिलनाडु की असहमति आज से नहीं, बल्कि 50 साल से जगजाहिर है। इस आधार पर केंद्र के अनुदान को रोकना राजनीतिक शरारत के सिवा कुछ नहीं हो सकता। वैसे नई शिक्षा नीति के संशोधित त्रिभाषा फार्मूले में हिंदी की कोई अनिवार्यता नहीं है, लेकिन इसे राजनीतिक संदर्भ में डी.एम.के. ने त्रिभाषा सूत्र को पिछले दरवाजे से हिंदी लादने के षड्यंत्र के रूप में देखा और इसके खिलाफ जंग छेड़ दी। मुझे इस बात का दुख हुआ कि केंद्र सरकार की बेजा हरकत के चलते त्रिभाषा सूत्र खामखा बदनाम हो रहा है। दुख और भी गहरा था चूंकि त्रिभाषा सूत्र का सत्यानाश तमिलनाडु ने नहीं, बल्कि हिंदी भाषी राज्यों ने किया था। संस्कृत के बहाने किसी भी गैर हिंदी भाषा को सीखने से छुट्टी लेकर हिंदी भाषी राज्यों ने त्रिभाषा सूत्र की भावना से खिलवाड़ किया। अगर त्रिभाषा सूत्र का मतलब यह है कि गैर हिंदी भाषी तो हिंदी सीखेंगे लेकिन हिंदी भाषी और किसी की भाषा नहीं सीखेंगे तो इससे इक्षहदी के प्रति चिढ़ पैदा होगा स्वाभाविक है। अपने पलटवार में स्टालिन ने सिर्फ हिंदी लादने की नीति पर ही नहीं, हिंदी भाषा पर भी हमला बोल दिया। अन्य सभी राज्यों के नागरिकों को हिंदी के विस्तारवाद से आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा ने उत्तर भारत की दर्जनों भाषाओं को निगल लिया है। अपने बयान में भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाउंनी, मगघी, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरता, कुर्मली, कुरुक, मुंडारी को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी ने इन सभी भाषाओं को लगभग खत्म कर दिया है।

किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा एक अन्य भाषा पर ऐसी टिप्पणी मुझे बेजा लगी। यूं भी अनेक भाषाओं को समेट कर एक 'मानक भाषा' बनाने का दोष सिर्फ हिंदी को देना गलत होगा। यह प्रक्रिया कमोबेश प्रत्येक आधुनिक भारतीय 'मानक भाषा' के निर्माण में दोहराई गई है। मैंने यह कहते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से अपनी 'दोस्ताना असहमति' दर्ज की। बस इतने में उनके सभी समर्थक सोशल मीडिया पर टूट पड़े।

# आर्थिकी के जरिए नेतृत्व स्थापित करने की कोशिश

**रीगन-थैचर थ्योरी वाली अर्थव्यवस्था आज वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो गई है। राजकाज में अर्थव्यवस्था का महत्व हमेशा से रहा है, लेकिन उदारीकरण के दौर में अर्थव्यवस्था राजनीति का केंद्रीय विषय बन गया है। ऐसे माहौल में राजनीतिक कामयाबी की शर्त के लिए बेहतर आर्थिकी ना होती तो ही हैरत होती। शायद यही वजह है कि अब राजनीति चाहे किसी भी विचारधारा वाली यों न हो, सा‍ा में आने के बाद उसकी प्राथमिकता आर्थिकी को सुधारने और अपने लिए ज्यादा से ज्यादा निवेश हासिल करना हो गई है। इस दौर में जितना ज्यादा निवेश आकर्षित हुआ, राजनीतिक कामयाबी की संभावना उतनी ही बढ़ जाती है। इन संदर्भों में कह सकते हैं कि मध्य प्रदेश के मुयमंत्री मोहन यादव अपने नेतृत्व को राज्य में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने मध्य प्रदेश की कमान मोहन यादव को जब सौंपी थी, तब उनकी पहचान राज्य से बाहर कम ही थी।**



जनसंख्या के लिहाज से पांचवां और क्षेत्रफल के लिहाज से दूसरे बड़े राज्य मध्य प्रदेश की बीजेपी में दिग्गज नेताओं की भरमार थी। बेशक मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने से पहले शिवराज सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन राज्य के बाहर उनकी बड़ी पहचान नहीं थी। लेकिन बीते 25 और 26 फरवरी को राज्य की राजधानी भोपाल में सफल ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के आयोजन और उसमें मिले भारी-भरकम निवेश प्रस्तावों के बाद उनका कद बढ़ना स्वाभाविक है।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में मध्य प्रदेश सरकार को कुल 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से देश के दूसरे नंबर के बड़े कारोबारी और उद्योपति समूह अडानी की ओर से अकेले दो लाख दस हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला। मध्य प्रदेश जैसे बहुरंगी राज्य में भारीभरकम निवेश का प्रस्ताव आना स्वाभाविक भी है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले संभाग स्तर पर भी मध्य प्रदेश सरकार निवेशकों को आमंत्रित करती रही। उसमें भी उसे करीब चार लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले। अगर से प्रस्ताव पूरी तरह से शत-प्रतिशत अंदाज में लागू हुए तो उम्मीद की जा रही है कि इससे राज्य में सीधे तौर 17 लाख 34 हजार रोजगार पैदा होंगे, जबकि उससे जुड़ी गतिविधियों से राज्य की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी और दूसरे छोटे कारोबार भी बढ़ेंगे, जिनसे आखिरकार दूसरे तरह के रोजगार भी बढ़ेंगे। मध्य प्रदेश में पिछले दस साल के निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन के आंकड़ों को देखें तो पहले पांच साल में प्रस्तावों के दस प्रतिशत निवेश का ही जमीनी क्रियान्वयन हो पाया है।

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा बीते पांच सालों के निवेश प्रस्तावों का अध्ययन किया है। उनके मुताबिक, तब भी मध्य प्रदेश की सरकारें निवेश प्रस्तावों के लिए प्रयासरत रहीं और तब जितने निवेश प्रस्ताव मिले, उनमें से करीब चौदह से सोलह प्रतिशत सालाना ही जमीनी हकीकत बन पाए। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यह सवाल मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव अनुराग जैन के सामने उठा भी। अनुराग जैन के अनुसार, यह मसला राज्य सरकार की जानकारी में भी है। इसलिए जिलावार ऐसे प्रस्तावों को सा‍ाहिक स्तर पर समीक्षा करने और उसे जमीनी हकीकत बनाने की तैयारी की गई है। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके जिले के लिए जो भी प्रस्ताव आए हैं, उन्हें जमीनी हकीकत बनाने, निवेशकों को जरूरी वैधानिक जरूरतों को पूरा करने की कोशिश उनके स्तर पर ही होनी चाहिए। मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव के स्तर पर निवेश प्रस्तावों पर मासिक रूप से समीक्षा की जाएगी।

आधुनिक आर्थिकी का फॉर्मूला है कि अगर एक रूपया कारोबारी अर्थव्यवस्था में डाला जाता है तो वह चार रूपए की आर्थिकी में तबदील होता है और वही रूपया अगर खेती-किसानी में जाता है तो खेती-किसानी की आर्थिकी में वह साढ़े तीन गुना की आर्थिकी बनाता है। मध्य प्रदेश के निवेश प्रस्तावों को इस फॉर्मूले के नजरिए से भी बेहद उम्मीद से देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश पिछले एक दशक से बड़े राज्यों में तेजी से विकसित होने वाला राज्य है। छोटे राज्यों में यह हैसियत सिक्किम को हासिल है। मध्य प्रदेश को सबसे ज्यादा करीब आठ लाख 616 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव औद्योगिक नीति और निवेश विभाग को मिले हैं, जबकि दूसरे स्थान पर करीब पांच लाख 72 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र के लिए मिले हैं। मध्य प्रदेश की जैसी स्थिति है, उसकी वजह से अगर ये निवेश प्रस्ताव जमीनी हकीकत बने तो आने वाले दिनों में यह राज्य नवीन ऊर्जा का केंद्र बन जाएगा।

निवेश प्रस्तावों की चर्चा करते वक्त हमें पिछली सदी के आखिरी वर्षों को भी याद कर लेना चाहिए। जब केंद्र में वाजपेयी सरकार थी तो उसने उदारीकरण के अगले चरण की शुरूआत की थी। इसके तहत अर्थव्यवस्था में एफडीआई का जोर बढ़ा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल करने के लिए राज्य सरकारों में होड़ मची। केंद्रीय स्तर पर भी तेज प्रयास हो रहे थे, लेकिन राज्यों में भी होड़ मची। तब वामपंथ शासित पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के साथ ही बिहार जैसे राज्यों ने एफडीआई में अपनी नीतियों के चलते दिलचस्पी नहीं दिखाई या फिर कानून-व्यवस्था की स्थिति के चलते निवेशक वहां आने से हिचकते रहे। बाद के दिनों में पश्चिम बंगाल की बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार ने पश्चिम बंगाल में तेजी से निवेश करने की कोशिश की तो वहां की राजनीति में भूचाल आ गया। राज्य की मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ताजपोशी उसी भूचाल का नतीजा कही जा सकती है। यह बात और है कि अब पश्चिम बंगाल में भी कहा जाने लगा है कि अगर बुद्धदेव भट्टाचार्य की निवेश कोशिशें परवान चढ़तीं और राजनीति नहीं होती तो पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कुछ और होती। बंगाल के सिंगूर प्रोजेक्ट को ही गुजरात में सफलता पूर्वक ले जाकर और उसे स्थापित करने के बाद नरेंद्र मोदी ने विकास के गुजरात मॉडल का फॉर्मूला पेश किया और देखते ही देखते आर्थिक सफलता के साथ वे राजनीति की सीढ़ियों पर चढ़ते चले गए।

मध्य प्रदेश में भी कुछ उसी अंदाज में निवेश की उम्मीद जताई जा रही है और माना जा रहा है कि अगर ये निवेश सफल हुए तो मध्य प्रदेश की छवि औद्योगिक और कारोबारी राज्य के रूप में उभरेगी। अगर ऐसा होता तो मोहन यादव का नेतृत्व मध्य प्रदेश में नए रूप में उभर सकता है। दिग्गजों से भरी मध्य प्रदेश बीजेपी के अंदरूनी प्रभामंडल में बीजेपी के नए और मजबूत चेहरे के रूप में मोहन यादव स्थापित हो सकते हैं। लेकिन अगर निवेश प्रस्ताव नाकाम हुए, अगर वे पूरी तरह जमीनी स्तर पर नहीं उतरे तो तय है कि इससे राज्य प्रशासन और सरकार की किरकिरी होगी, इसका असर मोहन यादव की राजनीति पर भी पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि वे इसे पूरा करें। आज की राजनीति जिस मुकाम पर पहुंच चुकी है, उसमें विपक्ष हर मामले में सिर्फ मुखालफत करता ही नजर आता है। लेकिन दिलचस्प यह है कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर मध्य प्रदेश के विपक्षी खेमे से कोई आवाज अभी तक नहीं उठी है। मोटे तौर पर मान सकते हैं कि इस समिट की वजह से उसे भी कम से कम अपने राज्य के लिए उम्मीद है। अब देखना यह होगा कि मोहन यादव की अगुआई वाली सरकार इसे किस हद तक जमीनी हकीकत बना पाती है।

# वैश्विक आर्थिक नीतियों पर अमेरिका ने लिया यू टर्न

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टूबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं। सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अब अमेरिका भी भारत से अमेरिका में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। इससे बहुत सम्भव है कि भारत के फार्मा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल क्षेत्र, इंजीनीयरिंग क्षेत्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़े।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारत के शेयर बाजार में किये गए निवेश का पोर्टफोलियो लगभग 20 प्रतिशत गिर गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को यह आभास हो रहा है कि इसमें अभी और गिरावट आ सकती है अतः विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश अभी भी लगातार निकाल रहे है। दूसरे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार तुलनात्मक रूप से महंगे लग रहे हैं क्योंकि चीन एवं कुछ अन्य देशों की कम्पनियों के शेयर इन देशों के शेयर बाजार में सस्ते में उपलब्ध हैं। अमेरिका में बांड यील्ड के उच्च स्तर (4.75 प्रतिशत से भी ऊपर) जाने के चलते भी अमेरिकी पोर्टफोलियो निवेशक भारत से अपना निवेश निकाल कर चीन, अमेरिका एवं अन्य इमर्जिंग बाजारों में निवेश कर रहे हैं। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होते जाने से भारतीय रुपए पर लगातार दबाव बना हुआ है एवं भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। हाल ही के समय में एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य भारत के लगभग 88 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारत के शेयर बाजार में होने वाली आय भी कम हुई है एवं उनकी लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

सितम्बर 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय कम्पनियों में किए गए



निवेश का पोर्टफोलियो 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आज गिरकर 30,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा गया है। इसमें 25 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज की गई है। 2 अप्रेल 2025 से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत पर रेसिपरोकल टैरिफ लगाए जाने की घोषणा के चलते अभी भी भारतीय पूंजी बाजार पर लगातार दबाव बना रह सकता है। हालांकि, इसी समय में भारतीय संस्थागत निवेशक एवं खुदरा (रीटेल) निवेशक भारतीय कम्पनियों के शेयरों में भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं इसीलिए भारतीय शेयर बाजार बहुत अधिक नहीं गिरा है। परंतु फिर भी, भारतीय शेयर बाजार में माहौल तो बिगड़ ही रहा है। अभी तक तो विकसित देशों द्वारा वैश्वीकरण की नीतियों के आधार पर अपनी आर्थिक नीतियां बनाई जा रही थीं एवं विश्व के अन्य विकासशील देशों पर यह दबाव बनाया जा रहा था कि वे भी इन नीतियों का अनुपालन करते हुए विश्व के विकसित देशों के लिए विकासशील देश अपने द्वार खोलें ताकि इन देशों के संस्थागत निवेशक विकासशील देशों के पूंजी बाजार में अपना निवेश बढ़ा सकें। जबकि आज, विशेष रूप से अमेरिका, वैश्वीकरण की नीतियों को धत्ता बताते हुए केवल अपने देश को प्रथम स्थान पर रखकर वैश्वीकरण की नीतियों के संदर्भ में यू टर्न लेता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश के लिए टैरिफ को अंधाधुंध बढ़ाना दुधारी तलवार की तरह है। जिस भी देश में भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाए जा रहे हैं उस देश के नागरिकों पर निश्चित रूप से इन उत्पादों के महंगे होने के चलते भारी बोझ पड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है। क्योंकि, टैरिफ बढ़ाए जाने वाले देश में आयात की जा रही वस्तुओं के महंगे होने का खतरा बढ़ता है जिससे उस देश में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होती है और आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़ती जाती है।

अमेरिका की देखा देखी अब रूस ने भी चीन से आयात किए जा रहे चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। चीन ने, आज रूस के 3/4 ऑटोमोबाइल बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है। चीन ने हालांकि रूस में चार पहिया वाहनों के निर्यात के मामले में पश्चिमी देशों को झटका देते हुए अपना निर्यात रूस में बढ़ाया है। शुरू शुरू में तो रूस को यह सब अच्छा लगा परंतु अब उसे महसूस हो रहा है कि किसी भी उत्पाद के आयात के मामले में केवल एक देश पर निर्भरता उचित नहीं है। अतः अब रूस ने चीन से आयात किए जाने वाले चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाना प्रारम्भ कर दिया है। साथ ही, रूस अब अपने देश में ही चारपहिया वाहनों का उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयों की स्थापना करना चाहता है ताकि रूस में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित हो सकें।

टैरिफ युद्ध के चलते अमेरिका में भी आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ता जा रहा है। हालांकि इसकी सम्भावना वर्ष 2024 में भी की जा रही है। जे पी मोर्गन ने पूर्व में अपने एक आंकलन में बताया था कि अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना 17 प्रतिशत है जबकि अब अपनी एक नई रिसर्च के आधार पर एक आंकलन में बताया है कि अमेरिकी में आर्थिक मंदी की सम्भावना 31 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में दोस्त की हत्या

## शराब पिलाकर रेलवे ट्रैक पर दी दोस्त को मौत, फिर खुद दर्ज कराई रिपोर्ट



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक हत्या का मामला सामने आया है। जिसमें अवैध संबंध के कारण दोस्त ने अपने ही दोस्त को मार दिया। पहले रेलवे ट्रैक पर बैठकर उसने दोस्त को शराब पिलाई और बाद में खुद थाने पहुंचकर झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिस मामले का खुलासा पुलिस ने किया है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि बुधवार की सुबह जमांगा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली थी।

घटना के बाद उसके साथी सुरेश ने चक्रधर नगर थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मृतक की शिनाख्त जितेंद्र सिंह ड्राइवर के रूप में हुई।

साइबर सेल और फॉरेंसिक टीम की मदद से जुटाए गए सबूतों को देखते हुए उसके दोस्त सुरेश पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने सुरेश से पूछताछ की।

शुरुआती पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करते रहा, लेकिन पुलिस ने सख्ती की तो पता चला कि आरोपी सुरेश सिंह को शक था कि जितेंद्र का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। इसी रंजिश को लेकर उसने अपने साथी के साथ मिलकर जितेंद्र को मौत के घाट उतारने की साजिश रची।

**रेलवे ट्रैक पर तीनों ने शराब पी:** मंगलवार की रात जब जितेंद्र अपनी ट्रेलर एमएसपी प्लांट के पास खड़ा कर रहा था, तब आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर जामगांव रेलवे ट्रैक के पास बुलाया। इसके बाद तीनों ने मिलकर वहां शराब पी।

इसी दौरान पहले से तय योजना के अनुसार सुरेश और उसके साथी ने जितेंद्र पर हमला कर दिया। हाथ-मुक्कों से मारपीट के बाद आरोपियों ने नुकीले हथियार से उसके सिर और गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

**आरोपी ने गुमराह करने रिपोर्ट दर्ज कराया:** हत्या के बाद सुरेश ने पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद ही थाने जाकर लाश मिलने की रिपोर्ट लिखवाई। मामले में पुलिस ने ग्राम कुदारी झारखंड का रहने वाला सुरेश सिंह (42 साल) को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके साथी की तलाश की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर नहर में पलटी सफारी वाहन, 3 की मौत

### कवर्धा-बेमेतरा एनएच में हादसा, होली मनाने अपने घर जा रहे थे सभी, 8 घायल



**मीडिया ऑडीटर, बेमेतरा (एजेंसी)।** बेमेतरा में एक सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई वहीं 8 लोग घायल हुए है। मरने वालों में 2 महिला और 1 पुरुष शामिल है। गुरुवार को सफारी वाहन अनियंत्रित होकर नहर में पलटी। हादसा कवर्धा-बेमेतरा नेशनल हाईवे स्थित ग्राम सैगोना में हुआ है।

कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना है। डीएसपी मनोज तिर्की ने जानकारी दी कि सफारी वाहन में 11 लोग सवार थे। सभी एक ही परिवार के थे। होली त्योहार के लिए रायपुर से कबीरधाम अपने घर जा रहे थे। प्रथम दृष्टि में टायर फटने से हादसा की आशंका जताई है। फिलहाल जांच की जा रही है।

**गंभीर घायलों को रेफर किया गया:** हादसे में घायलों को जिला अस्पताल में ले जाया गया है। कुछ गंभीर घायलों को रेफर भी किया गया है। जिनकी मौत हुई है उनमें खुशबु वैष्णव, कमल चक्रधारी और साक्षी वैष्णव है। सभी अपने घर थाना पिपरिया के मरका गांव जा रहे थे।

**प्रत्यक्षदर्शी ने बताया:** प्रत्यक्षदर्शी कीर्ति कुमार बंजारे ने बताया कि हम लोग खेत के पास काम कर रहे थे। दूर से देखे कि गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। हम लोग दौड़कर आए तो कुछ लोग गिरे हुए थे। जो दबे थे उनको निकालने की कोशिश किए। एक बच्ची दबी हुई थी, उसे बाहर निकाले। अस्पातल में फोन किया लेकिन एंबुलेंस 2 घंटे देरी से आई, तब तक बच्ची ने दम तोड़ दिया।

## होली से पहले अवैध शराब पकड़ाई

### 1150 लीटर कच्ची शराब जब्त, 14 आरोपी जेल भेजे गए, ढाबा सील



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** कोरबा पुलिस ने होली और रमजान के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस ने ढाबे से 1150 लीटर कच्ची शराब जब्त कर ढाबे को सील कर दिया गया है।

उरगा थाना क्षेत्र से 550 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। दीपका थाना क्षेत्र से 210 लीटर चावल से बनी और 200 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। यह शराब पहाड़ी और जंगल के दुर्गम इलाकों में बनाई जा रही थी। पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**शराब बनाने का सामान जब्त:** पुलिस ने 'ऑपरेशन अंकुश' के तहत कार्रवाई करते हुए शराब बनाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे बर्तन, ड्रम और अन्य सामान भी जब्त किए। मौके पर ही शराब बनाने की भट्टियों को नष्ट कर दिया गया।

दीपका थाना प्रभारी प्रेम साहू के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। शहर के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित सिंह ढाबा, मोरगा से 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। ढाबे को सील कर दिया गया है।

**14 आरोपी पकड़ाए:** पुलिस ने कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से होली के दौरान ड्राई डे में शराब बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर रखा है।

## तुम्हारी पत्नी और बेटी पर है साया, जल्दी करो वरना हो सकती है अनहोनी, उपाय पूछा- तो दिया ताबीज और कर ली ठगी, तीन गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में भूत-प्रेत का डर दिखाकर एक परिवार से ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने एक परिवार के मुखिया लखमूराम नेताम को बताया कि उनकी पत्नी और बेटी के शरीर में मृत आत्मा का साया है।

उन्होंने लखमूराम से कहा, जल्द उपाय करो वरना, कभी भी उनके परिवार में अनहोनी हो सकती है। इससे लखुराम डर गया।

डर का फायदा उठाकर ठगों ने 81,500 रुपए की ठगी कर ली और बाद में और अधिक धन और सामान की मांग करने लगे। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 61,000 रुपए नकद के साथ तीन मोबाइल फोन, एक मारुति कार, नकली पत्थर, ताबीज-बिल्ला, नुकीली कीलें बरामद की है। यह मामला थाना फरसगांव का है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित लखमूराम नेताम कोंडागांव के डिहीपारा, गट्टीपलना का रहने वाला है। वो किसी सरकारी काम से अपनी कार से कोंडागांव जा रहा था।

**ठगों ने पीड़ित की कार से खुद की कार लगाकर उसे रोका:** जब वे भैरव मंदिर, फरसगांव के पास पहुंचा, तो एक सफेद रंग की फॉक्सवैगन कार (सजी 04 क्यूबी 9221) में सवार तीन अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी रोकने का प्रयास किया। जब लखमूराम ने अपनी कार नहीं रोकी, तो आरोपियों ने अपनी गाड़ी जबरन उनकी कार के सामने लगा दी, जिससे उन्हें रुकना पड़ा।

आरोपियों ने खुद को ज्योतिषी और तांत्रिक विद्या का जानकार बताया और कहा कि उन्हें लखमूराम के घर में बड़ी समस्या दिख रही है। उन्होंने पीड़ित से पूछा कि आए दिन तुम्हारी पत्नी और बेटी की तबीयत खराब रहती है। पीड़ित जालसाज की बातों पर भरोसा होने लगा।

जालसाजों ने पीड़ित को डराते हुए बताया कि उनकी पत्नी और बेटी पर मृत आत्मा का वास हो चुका है, इस वजह से दोनों की तबीयत आए दिन खराब रहती है। अगर समय रहते इसका उपाय नहीं किया गया तो हत्या या आत्महत्या जैसी घटना हो सकती है। जालसाजों की बातों में आकर लखमूराम ने इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उपाय पूछा।

**ठगों ने दिए ताबीज, कहा- पहनने से सारी समस्याएं खत्म हो जाएंगी:** इस पर आरोपियों ने लखमूराम को विश्वास में लेते हुए तंत्र-मंत्र करते किए और अपने बैग से दो काले ताबीज निकालकर दिए। उन्होंने दावा किया कि यह ताबीज पहनने से घर की सारी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। इस झांसे में आकर पीड़ित ने डर के कारण आरोपियों को 81,500 रुपए नगद दे दिए।

पहली बार ठगी में सफल होने के बाद आरोपियों का लालच बढ़ गया। अगले ही दिन उन्होंने लखमूराम को दोबारा फोन कर कहा कि समस्या पूरी तरह खत्म करने के लिए और अनुष्ठान करना होगा। इसके लिए उन्होंने फिर से 80,000 रुपए नगद, 5 किलो मिठाई, सोने के गहने, चावल और सिंदूर लाने की मांग की।

**पीड़ित को ठगी का अहसास होने पर की शिकायत:** लखमूराम को धीरे-धीरे ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की।

**पुलिस ने ऐसे पकड़ा ठगों को:** लखमूराम की शिकायत पर थाना फरसगांव में ठगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों के फोन लोकेशन और कार की जानकारी मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बिलासपुर के चाटीडिह से 37 वर्षीय इब्राहिम अली, कोरबा के उरगा से 27 वर्षीय तालिब हुसैन और रायगढ़ के राजीव गांधी नगर से 27 वर्षीय नजर हुसैन शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि ये तीनों कोंडागांव के अलावा, विश्रामपुर, नारायणपुर, कांकेर में भूत-प्रेत का डर दिखाकर लोगों से ठगी कर चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों से कुल 14.42 लाख की सामान जब्त किया है। इसमें 61,000 रुपए नकद, तीन मोबाइल फोन, एक मारुति कार, 105 नग नकली पत्थर, 20 नग ताबीज-बिल्ला, 20 नग नुकीली कीलें और अन्य सामान शामिल है। तालिब हुसैन से 21,000 रुपए नकद और 34,000 का मोबाइल, नजर हुसैन से 20,000 रुपए नकद और 37,000 का मोबाइल तथा इब्राहिम अली से 20,000 रुपए नकद और एक सैमसंग मोबाइल बरामद किया गया।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला

## पॉवर प्लांट के असिस्टेंट मैनेजर की मौत, ड्राइवर फरार



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा (एजेंसी)।** जांजगीर चांपा जिले में एक सड़क हादसे में पीआईएल प्लांट के असिस्टेंट मैनेजर की मौत हो गई। भोजपुर मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए।

चांपा थाना क्षेत्र की घटना है। मृतक की पहचान बोड़सरा निवासी अजित कुमार साहू (22) के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह 6 बजे अजित अपनी शिफ्ट की ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

**घटना की जांच में जुटी पुलिस:** सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेज दिया है। ट्रेलर वाहन को जब्त किया गया है, परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

चांपा पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से परिजन सदमे में हैं।

## स्टील प्लांट के अंदर हादसा, ट्रक ने साइकल सवार मजदूर को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल




**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** भिलाई स्टील प्लांट के अंदर सयंत्र भवन से प्लेट मिल मोड़ पर एक चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए साइकिल सवार ठेका मजदूर को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वो बुरी तरह घायल हो गया। मजदूर को घायल हालत में मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, वहां से उसे सेक्टर 9 हॉस्पिटल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक ठेका श्रमिक रत्नेश कुमार साहू कोक ओवन में काम करता है। गुरुवार को वो ड्यूटी खत्म करके अपनी साइकिल से घर जा रहा था। वो वहां से निकलकर संयंत्र भवन से प्लेट मिल के के रास्ते होते हुए जा रहा था। इसी दौरान ट्रक सीजी 07 बीवी 8253 सामने से आया और साइकिल के टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल सवार रत्नेश हवा में उछलकर दूर दा गिरा और उसकी साइकिल के परखच्चे उड़ गए। ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार बूरी तरह घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत मेन मेडिकल पोस्ट में फोन करके एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद घायल को मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया गया। वहां उसका इलाज करने के बाद उसे सेक्टर 9 हॉस्पिटल रेफर किया गया।

**बाउंड्रीवाल को भी तोड़ा:** ट्रक चालक ने पहले साइकिल को टक्कर मारा फिर उसके बाद बगल से बनी बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। इससे साफ पता चल रहा है कि इतनी चौड़ी सड़क में ट्रक चालक ने लावरवाही पूर्वक गाड़ी चलाई, जिससे ये हादसा हुआ।

**प्लांट के अंदर बढ़े हादसे:** भिलाई स्टील प्लांट के अंदर यूं तो सुरक्षा के सभी नॉम्स का पालन करने का दावा किया जाता है, लेकिन रोड सेफ्टी को लेकर इनका जरा भी ध्यान नहीं है। यही कारण है कि भिलाई स्टील प्लांट के अंदर बनी सड़कों में हादसे बढ़ गए हैं। एक महीने पहले भी को अज्ञात वाहन एक बाइक सवार बीएसपी कर्मी को टक्कर मारकर भाग गया था।

## प्लास्टिक सर्जरी करवाकर चेहरा बदलने वाला था चोर, 25 करोड़ की चोरी के बाद फिर वारदात

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस करोड़ों की चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने भिलाई पहुंची। जैसे ही दिल्ली पुलिस के मुंह से लोकेश श्रीवास का नाम निकला पुलिस चौंक गई। लोकेश दिल्ली ही नहीं भिलाई, बिलासपुर और दुर्ग जैसे जिलों में भी चोरी की कई वारदात कर चुका है।

लोकेश इतना शातिर था कि दिल्ली में 25 करोड़ की (ज्वेलरी-कैश) चोरी के बाद प्लास्टिक सर्जरी करवाकर अपना चेहरा बदलने वाला था। उसके बाद वह बड़ी चोरी को अंजाम देने का प्लान बना रहा था, लेकिन भिलाई पुलिस ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर स्मृति नगर भिलाई से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास चोरी के पैसों से खरीदी गई टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त किया। इसके बाद बुधवार शाम पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड में लेकर दिल्ली चली गई।

**कपड़ा दुकानों से 10 कैश किए पार:** वैशाली नगर थाना प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि 10 मार्च को दिल्ली पुलिस की टीम आई थी। पिछले महीने दिल्ली के चांदनी चौक में थोक कपड़ा दुकानों से 10 लाख कैश समेत लाखों रुपए के सामान की चोरी हुई थी। उस चोरी में जिस शख्स का फुटेज मिला उसका नाम लोकेश श्रीवास है। लोकेश पहली बार नहीं है जब दिल्ली में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## बिलासपुर के अटल आवास में ऑनलाइन सट्टा, केएलजी पैनल से गेम पर दांव, लाखों का लेनदेन मिला, फर्जी सिम, पासबुक और एटीएम भी बरामद

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी अटल आवास को किराए पर लेकर दांव लगवा रहा था। आरोपी सट्टेबाज चतरु पैनल के जरिए ऑनलाइन एविएटर, विंगो, कैसीनो, हार्स राइडिंग जैसे गेम में सट्टा खिलवा रहा था और पिछले एक महीने से लगातार ठिकाने बदलकर अपना नेटवर्क चला रहा था।

आरोपी के पास से एक लाख 80 हजार रुपए बैंक पासबुक, 16 मोबाइल, लैपटाप जब्त किया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

एएसपी उदयन बेहार ने बताया कि अशोक नगर अटल आवास को किराए पर लेकर ऑनलाइन सट्टा चलाने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने योजना बनाकर मौके पर दबिश दी। इस दौरान घेराबंदी कर घुटकू निवासी सुरेश प्रजापति (32) को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि उसने सोशल मीडिया के टेलीग्राम पर ग्रुप बनाया था, जिसके माध्यम से संपर्क कर सट्टा एप का मास्टर आईडी लिया था। इससे वह अलग-अलग जगहों पर किराए का मकान लेकर सट्टा चला रहा था।

**65% राशि मास्टरमाइंड को भेजता था सट्टेबाज:** एएसपी बेहार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने वह बिलासपुर ब्रांच का संचालन खुद कर रहा था और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए गेम में दांव लगवाता था। कमाई का 65% हिस्सा मुख्य संचालक को जाता था, जबकि 35% ब्रांच को मिलता था।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से रेप, गिरफ्तार

**कोंडागांव।** कोंडागांव में नौकरी का झांसा देकर युवती से रेप का मामला सामने आया है। तालुर निवासी अमरपाल कश्यप (33) ने युवती को कमरे में बंद कर लगातार 1 हफ्ते तक रेप किया। जिसे बस्तर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है, पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2023 में उसकी फेसबुक पर अमरपाल से दोस्ती हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। कुछ समय बाद आरोपी ने अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को जगदलपुर बुला लिया।

**1 हफ्ते तक यौन शोषण किया:** जगदलपुर में मानसा डिफेंस एकेडमी में युवती का चयन हो गया। वह वहां 7 दिन तक काम करती रही। एक शनिवार को छुट्टी के दिन आरोपी उसे अपने गांव तालुर ले गया। वहां घर में बंद कर एक सप्ताह तक उसका यौन शोषण किया।

**फोटो वायरल करने की धमकी:** आरोपी ने पीड़िता की तस्वीरें खींच लीं और उन्हें वायरल करने की धमकी देने लगा। डर के कारण पीड़िता उसकी हर बात मानने लगी। कुछ दिन पहले आरोपी ने दोनों की एक साथ खींची गई तस्वीर फेसबुक पर डालकर धमकाना शुरू कर दिया।

## होली के दिन नमाज का वक्त बदला, दोपहर 2-3 बजे के बीच अदा की जाएगी, 48 घंटे अलर्ट मोड पर रहेगी पुलिस





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** यूपी के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 1 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। सभी मस्जिदों के बोर्ड को पत्र भेजा गया है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने दैनिक भास्कर से बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द के मद्देनजर इस निर्णय को लिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के निर्णय का बीजेपी ने स्वागत किया है।

**जोहर की नमाज घर में पढ़ें- छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड:** डॉ. सलीम राज ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज अदा करते हैं। दोपहर 12 बजे जोहर की नमाज होती है। नमाजी नमाज अदा करने के लिए मस्जिद की ओर निकलेंगे। इस दौरान होली भी खेली जाएगी। ऐसे में किसी से विवाद की स्थिति न बने, इसलिए नमाज की टाइमिंग बदली गई है।

**कांग्रेस नेता बोले- विवाद ना करें:** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता सलीम रिजवी ने हिंदू और मुस्लिम समुदाय से होली के दिन विवाद ना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बहुत से मस्जिद के मुतवल्लियों और कमेटियों ने दोपहर 2 बजे के बाद नमाज का वक्त रखा है। यही अच्छी बात है।

**बीजेपी बोली- बोर्ड के फैसले का हम स्वागत करते हैं:** बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि बोर्ड के फैसले का हम स्वागत करते हैं। अगर सुबह होली खेली जाएगी और दोपहर में नमाज पढ़ी जाएगी तो ये बोर्ड का अच्छा निर्णय है। कांग्रेस को ये फैसला गलत लग सकता है, क्योंकि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। बीजेपी सबका साथ सबका विकास चाहती है।

**रायपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर:** रायपुर एसएसपी लाल उमेंद्र सिंह ने बताया, कि होली के दौरान किसी तरह का विवाद ना हो, इसलिए रायपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। त्योहार शांति पूर्वक रहे, इसलिए रायपुर में 80 नाके लगाकर जांच की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सड़कों पर लगातार 48 घंटे पुलिस मुस्तैद रहेगी। सेंसिटिव इलाकों में पुलिस लगातार गश्त करेगी। विवाद करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। राजपत्रित अधिकारियों की टीम मॉनिटरिंग करेगी।

**जुम्मे की नमाज के चलते देशभर में विवाद:** देशभर में होली और जुम्मे की नमाज को लेकर विवाद चल रहा है। उत्तर प्रदेश में 2 बजे के बाद नमाज पढ़ी जाएगी। वहीं बिहार में नमाज के मद्देनजर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक रंग खेलने में ब्रेक लगा दिया गया है।

**यूपी के कई शहरों में बदला जुमे की नमाज का टाइम:** लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अलीगढ़, झांसी, अयोध्या और सहारनपुर, उन्नाव समेत संवेदनशील जिलों में पुलिस ने पीस कमेटी की बैठक कर नमाज के समय को एक घंटे के लिए बढ़ा दिया है। यानी की 2 बजे अजान होगी और 2.30 बजे तक नमाज अदा की जाएगी।

## पुलिसकर्मी ने युवक को पीटा, भाई के चाय ठेले पर खड़ा था, जबरन बरसाए डंडे

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में पुलिसकर्मी पर बेवजह युवक को पीटने और थप्पड़ जड़ने का आरोप लगा है। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक पुलिसकर्मी चाय दुकान के सामने खड़े युवक पर थप्पड़ जड़ रहा है। फिर उसके साथ डंडे से मारपीट कर रहा है।

इस घटना में युवक के हाथ-पैर और छाती में चोटें आई हैं। यह पूरा मामला पंडरी (मोवा) थाना क्षेत्र का है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। पीड़ित गोपाल दास डहरिया ने बताया कि सेक्टर 8 सड्डू का निवासी है। 12 मार्च की रात करीब 9 बजे वह विज्ञान भवन के पास अपने भाई के चाय ठेले की दुकान पर खड़ा था।

**डंडे से शरीर पर किया वार:** युवक का कहना है कि, जब मैं खड़ा था इसी दौरान मोवा थाने के पुलिस वाले वहां पर पहुंचे। उनमें से एक कॉन्स्टेबल मनीष साहू तू-तड़ाक करते हुए गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने का कारण पूछा तो, पुलिस वाला गालियां भी देने लगा।

शिकायत में युवक ने बताया कि, चाय दुकान उसकी ही है और वह अपने भाई की मदद करने आया था। इसी दौरान बेवजह पीटा गया है। हाथ-पैर और छाती में कई बार वार किए जिससे उसे गंभीर चोट आई है। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे उठाकर गाड़ी में जबरन बैठाने लगा। तो युवक डरकर वहां से दूर भागा।

## एक्ट्रेस रान्या ने यूट्यूब से सीखा सोना छिपाना

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च को 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु के कैम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव ने डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस को अपने बयान में बताया कि उसने यूट्यूब वीडियो देखकर सोना छिपाना सीखा था। रान्या को 14.2 करोड़ रुपए की गोल्ड तस्करी केस में गिरफ्तार किया गया है। रान्या ने ये भी बताया कि स्मगलिंग के लिए उसे अनजान नंबरों से कॉल आते थे। ये पहली बार था, जब वह सोना दुबई से बेंगलुरु लेकर आई थी। रान्या के मुताबिक सोने को अपने शरीर से चिपकाने के लिए उसने एयरपोर्ट पर ही क्रेप बैंडेज और कैंची खरीदी थी। सोना प्लास्टिक चढ़े दो पैकेटों में था। उसे छिपाने के लिए टॉयलेट में जाकर सोने के बिस्किट्स शरीर से चिपकाए थे। अज्ञात व्यक्ति को सौंपना था सोना बेंगलुरु में तस्करी का सोना किसे देना था, ये पूछने पर रान्या ने बताया, %मुझे सोना एक अज्ञात व्यक्ति को देने के लिए एयरपोर्ट टोल गेट के बाद सर्विस रोड पर जाने के लिए कहा गया था। सिग्नल के पास एक ऑटो रिक्शा में सोना रखना था, लेकिन मेरे पास ऑटो रिक्शा का नंबर नहीं था।

## राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र लू की चपेट में

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** होली के पहले ही गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के कई इलाके लू की चपेट में हैं। गुजरात-राजस्थान के एक दर्जन से अधिक शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। कई स्थानों पर तापमान सामान्य से 8.8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक है। गुजरात, महाराष्ट्र व राजस्थान के 17 शहरों में लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज हुआ। महज 3 साल के अंदर यह दूसरा मौका है जब लू का दौर मार्च के पहले पखवाड़े में आ गया है। 2022 में भी लू का पहला दौर गुजरात में 11 से 19 मार्च के बीच महसूस किया गया था। हालांकि उस वर्ष होली 8 मार्च को थी। इस बार होली के दिन उत्तर-पश्चिमी भारत में हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गुजरात, उससे लगे राजस्थान और पश्चिमी तट के कोंकण इलाके में गुरुवार से तापमान में कमी की संभावना है, लेकिन लू का दौर जारी रहेगा। महाराष्ट्र के विदर्भ में 13-14 मार्च को ओडिशा में 13 से 16 मार्च के दौरान, झारखंड में 14-16 मार्च और गंगा से लगे पश्चिम बंगाल में 18 मार्च को भीषण लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मप्र में भी अगले हफ्ते में लू चलने की संभावना है।

## तेजस एमके 1 प्रोटोटाइप से अस्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ओडिशा के चांदीपुर में बुधवार को भारतीय वायुसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इसमें स्वदेशी अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल का सफल टेस्ट किया गया। इस मिसाइल को एलसीए तेजस एमके1 प्रोटोटाइप से लॉन्च किया गया। दरअसल अस्त्र मिसाइल को पहले ही भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। इस वजह से अस्त्र मिसाइल का स्वदेशी लड़ाकू विमानों के साथ सफलतापूर्वक जोड़ा जाना एक बड़ी उपलब्धि है। अस्त्र मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा बनाया गया है। यह मिसाइल 100 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तक दुश्मन के विमानों को मार गिराने में सक्षम है।

## प्रदेश में रेस्क्यू सेंटर कम जू स्थापित करने के लिए करें प्रभावी प्रयास : मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन्य जीवों से समृद्ध है। शेर, बाघ, चीता, सांभर, हाथी सभी यहां उपलब्ध हैं। वन्य जीवों के कल्याण के लिए सभी प्रयास किए जाएं। प्रदेश के वनों में रह रहे हाथियों के कल्याण की भी चिंता करें। इनके भोजन की व्यवस्था करें। घास के मैदान बनाएं ताकि वे भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्रों में यहां-वहां न भटकें। इससे किसानों की फसल हानि भी रूकेगी और मानव-हाथी के बीच टकराव की स्थिति के स्थान पर साहचर्य की भावना विकसित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति की 15वीं आमसभा की बैठक की अध्यक्षता कर यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए जहां बेहतर सुविधा उपलब्ध हो वहां वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर कम जू स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार, सेंट्रल जू अथॉरिटी व अन्य वन्य जीव संस्थानों से मार्गदर्शन लेकर इस दिशा में आगे बढ़ें। वन्य



जीवों को खुले में देखना पर्यटकों के लिए सदैव सहज आकर्षण का केन्द्र होता है और मध्यप्रदेश में इस दिशा में कार्य कर वन्य जीव पर्यटन को एक नई दिशा की ओर ले जाएं। बैठक में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति के सदस्य विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, श्री मोहन नागर, अन्य सदस्यगणों सहित मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, चीफ वाईल्ड लाईफ वार्डन व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में किसानों को जंगली पशुओं से होने वाली फसल हानि को रोकने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई है। फसल हानि करने वाली नीलगायों एवं कृष्णमृगों (ब्लैक बक) को पकड़कर अन्यत्र स्थापित किया जाएगा। इन वन पशुओं को पकड़ने के लिए रॉबिन्सन 44 नामक हेलीकॉप्टर किराये पर लिया जाएगा। इसके लिए ई-टेंडर के जरिए निविदाएं भी आमंत्रित की गई हैं। किन्तु तीन निविदाएं बुलाने के बावजूद अभी तक वांछित हेलीकॉप्टर एवं अनुभवी पॉयलट की निविदा प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए कैप्चर ऑपरेशन पूरा करने के लिए रॉबिन्सन 44 हेलीकॉप्टर या इसके समकक्ष विमान उपलब्ध कराने के लिए प्रमुख सचिव विमानन से अनुरोध किया गया है। हेलीकॉप्टर उपलब्ध होने पर नीलगाय और ब्लैक बक कैप्चर कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया जाएगा, इससे किसानों की फसल हानि रूकेगी। बैठक में बताया गयाकि समिति द्वारा पेंच, सतपुड़ा, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, रालामण्डल, कूनो, गांधीसागर, वन्य जीव अभयारण्य एवं माधव राष्ट्रीय उद्यान में अब तक 180 जागरूकता कैम्प, 24 क्षमता उन्नयन कैम्प एवं 14 कर्मचारी कल्याण (सोलर इलेक्ट्रिफिकेशन ऑफ पेट्रोलिंग कैम्प) आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति द्वारा नवीन वन भवन में एक स्मारिका दुकान स्थापित की जाएगी। यह सीधे समिति द्वारा ही संचालित की जाएगी। इस दुकान से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग वन्य जीव संरक्षण में कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण के लिए किया जाएगा।

## सिसोदिया-जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की जांच होगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी। मंत्रालय ने गुरुवार को उपराज्यपाल सचिवालय को जानकारी दी कि भ्रष्टाचार मामले में दोनों पर जांच को मंजूरी दे दी गई है। मनीष सिसोदिया आबकारी नीति और सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। दोनों फिलहाल जमानत पर हैं। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद दोनों मामलों में जांच की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। इससे पहले 11 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री




अरविंद केजरीवाल पर सरकारी पैसों के दुरुपयोग मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने प्रचार के लिए बड़े होर्डिंग लगवाने में जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किया। केजरीवाल और दो अन्य नेताओं गुलाब सिंह और नितिका शर्मा पर स्नढ्ढक्र की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पुलिस से 18 मार्च तक मामले की स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। 6 साल पुराने मामले में एफआईआर के निर्देश राउज एवेन्यू कोर्ट का आदेश 2019 के मामले में आया है। तब दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाए गए थे कि अरविंद केजरीवाल, पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका से पार्षद नितिका शर्मा ने पूरे इलाके में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। तब निचली अदालत ने याचिका खारिज कर स्नढ्ढक्र की इजाजत देने से इनकार कर दिया था।

## गुजरात के गांधीनगर में 35 फीट ऊंची होली जलाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देशभर में होली दहन होना शुरू हो गया है। गुजरात के गांधीनगर गुरुवार शाम 7 बजे होलिका दहन किया गया। करीब 35 फीट ऊंची होलिका जलाई गई। इसके बाद लोगों ने दौड़-दौड़ कर परिक्रमा लगाई। वहीं, दोपहर में हिमाचल प्रदेश के मंडी में हजारों की भीड़ ने त्योहार सेलिब्रेट किया है।

जमकर रंग-गुलाल उड़ाया गया। मंडी के सेलिब्रेशन का एरिअल व्यू भी सामने आया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने यहां हालिका माता की पूजा की। गोरखपुर सांसद रविकिशन भी उनके साथ मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- आप सभी को होली की ढेरों शुभकामनाएं। हर्ष और उल्लास से भरा यह पावन-पर्व हर किसी के जीवन में नई उमंग और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही देशवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे, यही कामना है। होली सेलिब्रेशन को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर है। क्योंकि होली का त्योहार और रमजान के जुमे की नमाज साथ-साथ है। माहौल न बिगड़ने पाए, इसके लिए उत्तर प्रदेश पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट पर है। यूपी के 18 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला गया है।

## पंजाब कांग्रेस जमीनी स्तर पर होगी मजबूत



**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पहले हरियाणा और फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली असफलता के बाद पंजाब कांग्रेस ने दो साल बाद यानी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आज दिल्ली में रणनीति बनाई गई।

मिशन-2027 के लिए पार्टी के नए प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुआई में पंजाब कांग्रेस के नेताओं की पांच घंटे तक मीटिंग हुई। मीटिंग में सभी नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। खासकर यूथ, स्टूडेंट्स और महिला विंग की नेताओं को भी मीटिंग में शामिल किया गया। मीटिंग के बाद बघेल ने कहा कि कांग्रेस एकजुट हैं। अब ग्राउंड पर कांग्रेस पार्टी उतरेगी। लोगों के सुख दुख में सीधे पार्टी शामिल होगी। वहीं, जब उनसे सवाल किया गया कि, कांग्रेस नेता बयान देते हैं कि आम आदमी पार्टी आप के कई नेता उनके संपर्क में हैं।

इस पर उन्होंने कहा कि पंजाब में आप नेताओं में भगदड़ मची हुई है। आप की नाब डूबने वाली है। मुझे यह नहीं पता नहीं कि यह कब डूब जाए। बघेल से जब मीडिया ने सवा किया कि पहले आपके यहां ईडी की रेड हुई, उसके बाद सुखपाल सिंह खैहरा पर कांग्रेस ने कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति अटैच की। इस पर उन्होंने कहा कि यह सिलसिला 2020 से चल रहा है। वह जहां भी जाते हैं, यह सब शुरू हो जाता है। मैं ईडी या सीबीआई से डरने वाला नहीं हूं।

## दिल्ली में ब्रिटिश युवती के साथ रेप और छेड़छाड़

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के महिपालपुर स्थित होटल में ब्रिटिश महिला के साथ रेप और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में वसंत कुंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ब्रिटिश उच्चायोग को घटना की जानकारी दे दी गई है। पीड़ित इंग्लैंड की रहने वाली है। वह कुछ दिन पहले महाराष्ट्र और गोवा घूमने आई थी। पीड़ित की आरोपी युवक कैलाश से दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। दोनो सोशल मीडिया पर करीब डेढ़ महीने से एक दूसरे के संपर्क में थे। महिला गोवा से दिल्ली युवक से मिलने आई थी। दोनों एक होटल में रुके, जहां युवक ने महिला के साथ रेप किया। महिला जैसे-तैसे होटल के रिसेप्शन पर पहुंची, लेकिन जब वह जाने की कोशिश कर रही थी, तब एक अन्य व्यक्ति ने मदद के बहाने लिफ्ट में उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस के मुताबिक कैलाश ईस्ट दिल्ली का रहने वाला है। उसे अंग्रेजी बोलने में दिक्कत होती थी। वह महिला से बात करने के लिए किसी ट्रांसलेशन ऐप का इस्तेमाल करता था।

## हिमाचल ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स में 18 मेडल जीते

**मनाली ( एजेंसी )।** कश्मीर के गुलमर्ग में खेली गई 5वीं खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 में हिमाचल प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन किया है। हिमाचल ने कुल 18 पदक जीतकर देश में दूसरा स्थान हासिल किया। सेना की टीम 7 गोल्ड मेडल के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि हिमाचल ने 6 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य पदक अपने नाम किए। स्की और माउंटेनियरिंग रेस की यह प्रतियोगिता 9 से 12 मार्च तक गुलमर्ग में खेली गई। चैम्पियनशिप के पहले दिन महिलाओं की वर्टिकल रेस में टीम ने रजत और कांस्य पदक जीते। दूसरे दिन इसी स्पर्धा में




स्वर्ण और रजत पदक मिले। तीसरे दिन पुरुषों की रिले रेस में कांस्य पदक और चौथे दिन महिलाओं की रिले रेस में स्वर्ण पदक जीता। राज्य संघ के सदस्य कपिल नेगी ने इस सफलता का श्रेय मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के प्रशिक्षण शिविरों को दिया। जनवरी में मनाली के हामटा में हुई राज्य स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप ने भी खिलाड़ियों के कौशल को निखारा है। राष्ट्रीय स्की पर्वतारोहण महासंघ के अध्यक्ष प्रवीण सूद ने कहा कि भारत में इस खेल के विकास के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई गई है।

## टैंकर ने कार-पिकअप को टक्कर मारी, 8 की मौत



**बदनावर ( एजेंसी )।** धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार रात 11 बजे रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार चार और कार सवार चार लोगों समेत 8 की मौत हुई है। पिकअप सवार 2 लोग घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुछ लोग कार और पिकअप में फंस गए थे। उन्हें क्रेन की मदद से निकाला जा सका। कार सवार सभी लोग मंदसौर के एयू स्मॉल फायनेंस बैंक के कर्मचारी थे। जो इंदौर में एक बैठक में शामिल होकर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 11 बजे इंडेन गैस टैंकर उज्जैन की ओर जा रहा था। बदनावर-उज्जैन बायपास पर टैंकर रॉन्ग साइड से आ रहा था। इसी दौरान टैंकर ने पहले बदनावर की ओर जा रहे पिकअप को टक्कर मारी। इसके बाद उसके पीछे आ रही कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वाहन टैंकर के नीचे घुस गया। पिकअप में पांच लोग सवार थे, जिनमें से तीन की मौत हो गई। एक घायल को अस्पताल ले जाया गया। पिकअप वाहन नया और बिना नंबर का है। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पिकअप में फंसे घायलों को निकाला जा सका।

## बीजेपी ने कहा- निवेश को लेकर ममता बनर्जी के दावे झूठे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीजेपी ने गुरूवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के इस दावे को 'झूठ% बताकर खारिज कर दिया कि औद्योगिक निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल करने के मामले में राज्य सबसे आगे है। पार्टी ने आरोप लगाया कि वास्तविक निवेश के मामले में पश्चिम बंगाल कहीं पीछे है। ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि राज्य बड़े औद्योगिक निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल करने के मामले में अगुवा बनकर उभरा है। बनर्जी ने केंद्र सरकार के की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि बंगाल 2024 में (बड़े) कॉरपोरेट औद्योगिक निवेश प्रतिबद्धताएं आकर्षित करने में सभी राज्यों से आगे



निकल गया है।

भाजपा के पश्चिम बंगाल मामलों के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने 'एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, ''झूठ बोलना बंद कीजिए ममता बनर्जी। पश्चिम बंगाल के लिए निवेश प्रतिबद्धताओं बनाम वास्तविक निवेश के मद्देनजर आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल जनवरी-नवंबर 2024 के लिए निवेश प्रतिबद्धताएं हासिल करने के मामले में चौथे स्थान पर है, जिसने 39,133 करोड़ रुपये (कुल निवेश प्रतिबद्धताओं का 7.45 प्रतिशत) के प्रस्तावों को आकर्षित किया है। मालवीय ने कहा कि हालांकि, राज्य में वास्तविक निवेश में एक बड़ा अंतर देखने को मिलता है।

उन्होंने दावा किया कि नवंबर 2024 तक केवल 3,735 करोड़ रुपये (कुल निवेश का 1.2 प्रतिशत) के साथ वास्तविक निवेश में राज्य 14वें स्थान पर रहा, जो 2023 में 4,930 करोड़ रुपये से नीचे रहा। उन्होंने कहा कि अगस्त 2020 में शुरू किए गए औद्योगिक क्षेत्रों का जीआईएस सक्षम डेटाबेस इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक (आईआईएलबी) ने पश्चिम बंगाल को छोड़कर 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2,884 औद्योगिक पार्कों के डेटा को 'ऑनबोर्ड% किया है। मालवीय ने आरोप लगाया कि यह बहिष्कार व्यवसाय की सुगमता के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की कमी का संकेत देता है।

## बीजेपी को मिलेगी पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष!

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी जल्द ही अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान करने वाली है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव पूरे होने के बाद मार्च मध्य तक यह निर्णय लिया जाएगा। इस बार बीजेपी के इतिहास में पहली बार एक महिला को अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है। खास बात यह है कि इस महिला नेता का संबंध दक्षिण भारत से हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, अगर बीजेपी महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करती है, तो इस दौड़ में वनथी श्रीनिवासन सबसे प्रमुख नाम हैं। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, जिनकी उम्र 66 साल है, वर्तमान में आंध्र प्रदेश बीजेपी की अध्यक्ष हैं। उन्होंने 2014 में कांग्रेस से त्यागपत्र देकर बीजेपी जॉइन की थी और इसके बाद पार्टी संगठन में अहम भूमिका निभाई। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी को उनकी बेहतरीन भाषण शैली और पांच भाषाओं में महारत के कारण दक्षिण की सुषमा स्वराज के नाम से जाना जाता है। उनका राजनीतिक अनुभव और कार्यकर्ता के रूप में पहचान पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। अगर बीजेपी महिला अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं करती है, तो पार्टी के अन्य वरिष्ठ पुरुष नेताओं पर विचार किया जा सकता है। इनमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और बीजेपी के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े के नाम प्रमुख हैं। बीजेपी के अध्यक्ष का चयन इस बार सिर्फ पार्टी के भीतर की रणनीतियों पर आधारित नहीं होगा। आगामी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और गुजरात जैसे प्रमुख राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, और पार्टी अध्यक्ष का चयन इन चुनावों को ध्यान में रखकर किया जा सकता है। दक्षिण भारत में पार्टी का विस्तार करने के लिए वहां के नेता को जिम्मेदारी सौंपने पर विचार किया जा सकता है।

## डी गुकेश ने तिरुपती बालाजी के दर्शन किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे युवा चेस चैंपियन डी गुकेश डोमराजू बुधवार को तिरुपति मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने अपने बाल मुंडवाए और भगवान बालाजी को भेंट कर दिया। गुकेश 2025 में टाटा स्टील चैंपियन और फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड्सम 2025 में हिस्सा ले चुके हैं। वह नार्वे चेस 2025 इवेंट में भी दिख सकते हैं, जो कि स्टैन्गर में होगा। वेई यी के साथ गुकेश का सामना मैग्नस कार्लसेन और अर्जुन से होगा। गुकेश ने पिछले साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। तिरुपति मंदिर में बाल दान करने के बाद 18 वर्षीय गुकेश ने नार्वे शतरंज द्वारा शेयर किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, मुझे कड़ी मेहनत करते रहना है। 2025 में बहुत सारे अहम टूर्नामेंट हैं, इसलिए मैं उस पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं सभी फॉर्मेट में सुधार करना चाहता हूं और उम्मीद है कि भगवान की कृपा से अच्छी चीजें होंगी। तिरुपति बालाजी मंदिर में भक्तों को अपने बालों का दान करने की एक अनूठी परंपरा है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने भगवान कुबेर से ऋण लिया था। इस ऋण को चुकाने के लिए भगवान वेंकटेश्वर के भक्तों ने अपने बाल दान किए। माना जाता है कि लोग जितना बाल दान करते हैं उससे ज्यादा उन्हें धन मिलता है।

## पांच से छह आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहते हैं पांड्या

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने से वह बेहद खुश हैं। पांड्या ने कहा कि अब उनका लक्ष्य अब अपनी मेजबानी में होने वाले टी20 विश्वकप को जीतना है। इसके साथ ही वह आने वाले समय में पांच से छह आईसीसी ट्रॉफी और जीतना चाहते हैं। पांड्या ने कहा कि इस बार की जीत इसलिए अहम रही क्योंकि इससे साल 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में मिल हार से वह उबर गये। तब खिताबी मुकाबले में वह रविंद्र जडेजा के साथ बल्लेबाजी करते हुए रन आउट हो गए थे। पांड्या ने कहा की जो काम तब पूरा नहीं हुआ था। वह अब पूरा हुआ है। हार्दिक ने यह भी बताया कि वह अपनी टीम को हर हाल में जीत दिलाना चाहते हैं। इससे कोई मतलब नहीं है कि वह कहां किस जगह उतरते हैं। चाहे गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी वह अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चाहते हैं। इस ऑलराउंडर ने कहा, मेरी क्रिकेट यात्रा में सबसे अहम बात यह है कि मैं कैसे तय कर सकता हूं कि मेरी टीम जीत जाए और मेरे लिए हर बार जब मैं मैदान पर कदम रखता हूं तो यह बहुत संतोषजनक, बहुत शांत और प्रसन्न क्षण होता है, भले ही मैं अपनी टीम को जीत दिलाने में योगदान ना दे पाऊं, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे खूबसूरत एहसास है। उन्होंने कहा, इस बार हर किसी ने एक ही समय में अपनी क्लास दिखाई और जो विश्वास उनमें है, वह असाधारण है। मुझे ऐसे मैच पसंद हैं जहां हर कोई अपना दिल लगाकर खेलता है।

## राहुल पत्नी अथिया संग रोमांटिक अंदाज में दिखे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद स्वदेश लौटे भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आजकल अपने घर पर हैं। राहुल कुछ ही समय में पापा बनने वाले हैं, उनकी पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं, इसलिए वह पत्नी के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। इस जोड़े ने कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया में बताया था कि वह माता-पता बनने वाले हैं। इस बार दोनो की जो तस्वीर आई है उसमें अथिया का बेबी बंप नजर आ रहा है दोनो ही रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनो ही बाहों में बांहे डालकर बैठे हुए बेहद खुश नजर आ रहे हैं। राहुल पत्नी के बेबी बंप को सहलाते हुए दिखाई दे रहे है। इस तस्वीर को देखकर साफ पता चलता है कि दोनों अपने पहले बच्चे के आने को लेकर कितने खुश हैं। अथिया को राहुल के साथ एक गार्डन में देखा जा सकता है वो व्हाइट शर्ट और ब्लू डेनिम में नजर आ रही हैं। राहुल और अथिया की तस्वीरों को देखकर प्रशंसक भी उन्हें दुआएं दे रहे हैं।

वहीं अथिया के पिता बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी इस तस्वीर पर प्रतिक्रिया दी है। शेट्टी ने दिल वाला इमोजी शेयर कर अपनी खुशी दिखायी है। राहुल ने अथिया साथ साल लंबी डेटिंग के बाद साल 2023 में शादी की थी।

# भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सैयद आबिद अली का अमेरिका में निधन

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर सैयद आबिद अली का निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। आबिद का निधन अमेरिका में हुआ। इस दिग्गज क्रिकेटर ने भारतीय टीम की ओर से 34 इंटरनेशनल मैच खेले थे। वह मूल रुप से हैदराबाद की ओर से खेलते थे। आबिद अली के निधन की खबर उत्तरी अमेरिका क्रिकेट लीग (एनएसीएल) ने साझा की।

एनएसीएल ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''भारतीय क्रिकेटर आबिद अली के निधन की खबर साझा कर रहे हैं वह आजकल कैलिफोर्निया के ट्रेसी में रह रहे थे उनकी उल्लेखनीय विरासत हमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। गौरतलब है कि उत्तरी अमेरिका क्रिकेट लीग और उत्तरी कैलिफोर्निया क्रिकेट संघ (एनसीसीए) खाड़ी क्षेत्र में क्रिकेट के विकास में उनके अथक प्रयासों और योगदान के लिए उनका आभारी है है। आइए हम उन्हें अपनी प्रार्थनाओं में याद करें और उनकी उल्लेखनीय विरासत का जश्न मनाएं।''




क्रिकेट जगत ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें एक समर्पित गुरू, एक टीम खिलाड़ी और एक असाधारण इंसान के रूप में याद किया। पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने लिखा, ''दुखद समाचार आबिद अली नहीं रहे। वह एक बेहतरीन टीम खिलाड़ी और अच्छे इंसान थे। परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। ओम शांति।'' पूर्व मुख्य राष्ट्रीय चयनकर्ता और विकेटकीपर एमएसके प्रसाद ने आबिद अली के आंध्र के कोच के दिनों को याद किया। प्रसाद ने अपने शोक संदेश में कहा, ''यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आबिद सर का निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ थे। आंध्र के कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमें जीतने की कला सिखाई।'' आबिद ने दिसंबर 1967 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और पहली पारी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 55 रन देकर छह विकेट लिए थे। इसी सीरीज में उन्होंने बल्लेबाजी में भी अपनी क्षमता दिखाते हुए सिडनी टेस्ट में 78 और 81 रन की पारियां खेली। आबिद अली ने 1967 और 1974 के बीच भारत के लिए 29 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 1018 रन बनाए और 47 विकेट लिए। वह अपने समय के सबसे बेहतरीन क्षेत्ररक्षकों में से एक थे।

आबिद ने कई मुकाबलों में भारत के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों की शुरुआत की। उन्होंने 1968 में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो बार, 1969 में घरेलू मैदान पर तीन बार और 1971 में वेस्टइंडीज के दौरे पर दो बार ऐसा किया। उनका वनडे करियर संक्षिप्त, लेकिन ऐतिहासिक रहा। आबिद अजीत वाडेकर की कप्तानी वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में अपना पहला एकदिवसीय मैच खेला था। वह 1975 में पहले एकदिवसीय विश्व कप में भी भारतीय टीम का हिस्सा थे और उन्होंने तीन मैच खेले।

## एमएस धोनी ने ऋषभ पंत की बहन की शादी में गाया तू जाने ना सॉन्ग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन की शादी मसूरी में संपन्न हुई। इस दौरान कई क्रिकेटर्स उनकी बहन की शादी में पहुंचे। साथ ही पूर्व कप्तान एमएस धोनी संगीत सेरेमनी के दौरान तून जाने ना गाने को गुनगुनाते हुए दिखे। जिसक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस समय धोनी के साथ उनकी पत्नी साक्षी भी शामिल थी। बता दें कि, मसूरी में



आयोजित इस समारोह में कई क्रिकेट और बॉलीवुड सितारे शामिल हुए। इसके अलावा गौतम गंभीर, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे कई क्रिकेटर्स शादी में शामिल हुए। वीडियो की बात करें तो पंत और धोनी को एक लाइव संगीत समारोह के दौरान बॉलीवुड के हिट गाने तू जाने ना गाने को गाते हुए देखा जा सकता है। इसे देखकर दोनों के फैंस और सेरेमनी में मौजूद लोग बहुत खुश नजर आए। इसी शाद के दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर पहले वायरल हो चुका है जिसमें धोनी, रैना, पृथ्वी शॉ और खुद ऋषभ पंत दमा दम मस्त कंलदर गाने पर डांस करते हुए दिख रहे हैं।

## राहुल द्रविड़ बैसाखी के सहारे ग्राउंड पर पहुंचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले राहुल द्रविड़ को आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपना हेड कोच बनाया। राहुल द्रविड़ के क्रिकेट के प्रति जुनून और निष्ठा के लिए जाना जाता है। उनकी सादगी उनको और खास बनाती है। वहीं द्रविड़ जिस भी टीम से जुड़ते हैं उसे चैंपियन बनाने में जी जान लगा देते हैं। इसी कारण से वह राजस्थान रॉयल्स के कैंप में बैसाखी पर पहुंचे। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को पैर में चोट लगी है। पूर्व भारतीय कप्तान कर्नाटक में अपने बटे अन्वय द्रविड़ के साथ कुछ क्लब क्रिकेट खेल रहे थे और ऐसा लगता है कि इस दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई है। हालांकि, ये चोट भी उन्हें टीम से दूर नहीं रख सकी। राजस्थान रॉयल्स ने अपने मंगलवार के ट्रेनिंग सेशन का वीडियो शेयर किया है। इस सेशन में राहुल द्रविड़ भी शामिल हुए। द्रविड़ जब गाड़ी से उतरे तो ग्राउंड तक पहुंचने के लिए उन्हें बैसाखी का इस्तेमाल करना पड़ा। वह उसी के सहारे मैदान तक पहुंचे जहां बाकी खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे।द्रविड़ एक कुर्सी पर बैठे और दूसरी पर अपना पांव रखा। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर ध्यान दिया। एक-एक करके खिलाड़ी उनसे मिलने आते रहे। वह टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ऑलराउंडर रियान पराग से बल्लेबाजी को बात करते हुए दिखाई दिए। उन्हें देखकर समझ आ रहा था कि खिलाड़ियों से बात करते हुए अपना दुख दर्द भूल गए थे।

## बॉक्सिंग फेडरेशन का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, 28 मार्च को होने वाले चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल करने के लिए अनुराग ठाकुर के नामांकन को खारिज कर दिया गया। जिसके बाद कहा गया कि, वह प्रतिनिधित्व करने के पात्र नहीं है। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने चुनाव के लिए ठाकुर और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी के नाम भेजे थे। बीएफआई ने 60 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसे जांच के बाद अंतिम रूप दिया गया।

बीएफआई ने निर्णय की व्याख्या करते हुए कहा कि, अनुराग ठाकुर का नाम राज्य इकाई ने भेजा था। हालांकि, उन्हें भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के सात मार्च 2025 के नोटिस और भारतीय



राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 के उल्लंघन के कारण आयोग्य पाया गया है। सभी संबद्ध राज्य संघों को भेजे गए सात मार्च के नोटिस में कहा गया था कि चुनाव एजीएम के दौरान बीएफआई से संबद्ध राज्य इकाइयों के केवल वास्तविक और विधिवत निर्वाचित सदस्य ही अपने संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत होंगे। बीएफआई के एक सूत्र ने कहा कि, अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश राज्य संघ के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं। इसलिए उनका नाम खारिज कर दिया गया है। सभी नामों की जांच करना और योग्य उम्मीदवारों की सूची निर्वाचन अधिकारी को भेजना बीएफआई का काम है जो अब सूची को अपलोड करेंगे। बीएफआई ने लैरी खारप्रान और आशीष कुमार साहा के नामों को भी इसी कारण से खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि दिल्ली राज्य संघ द्वारा भेजे गए दो नाम रोहित जैनेंद्र जैन और नीरज कांत भट निर्वाचन अधिकारी से मंजूरी के अधीन थे।

## बांग्लादेश के अनुभवी क्रिकेटर महमूदुल्लाह ने संन्यास लिया

**ढ़ाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के अनुभवी क्रिकेटर महमूदुल्लाह ने एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। 39 साल के महमूदुल्लाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिये अपने संन्यास की बात कही। इस ऑलराउंडर ने साल 2021 में ही टेस्ट और साल 2024 में टी20 से संन्यास लिया था। अब उन्होंने सभी प्रारुपों को अलविदा कह दिया है। इस क्रिकेटर ने अपने 18 साल के करियर के दौरान कई अहम पारियां खेलीं।




महमूदुल्लाह ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, मैंने अंतरराष्टीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने सभी साथियों, कोचों और खासकर अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। मेरे माता-पिता, मेरे ससुराल वालों खासकर मेरे ससुर और सबसे महत्वपूर्ण मेरे भाई इमदाद उल्लाह को बहुत-बहुत धन्यवाद जो बचपन से ही मेरे कोच और मेंटर के रूप में हमेशा मेरे साथ रहे हैं। वहीं अंत में मेरी पत्नी और बच्चों को धन्यवाद जिन्होंने हर कठिन समय में मेरा साथ दिया। मुझे पता है कि हर चीज का अंत बिल्कुल सही तरीके से नहीं होता लेकिन आप हां कहते हैं और आगे बढ़ते हैं। मेरी टीम और बांग्लादेश क्रिकेट को शुभकामनाएं। अपने 17 साल के करियर में 239 वनडे, 50 टेस्ट और 141 टी20 मैच खेलने वाले महमूदुल्लाह ने कहा, 'मेरे माता-पिता, मेरे ससुराल वालों खासकर मेरे ससुर और सबसे महत्वपूर्ण मेरे भाई इमदाद उल्लाह को बहुत-बहुत धन्यवाद जो बचपन से ही मेरे कोच और मेंटर के रूप में मेरे साथ रहे है!' वह बांग्लादेश के एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने एकदिवसीय विश्व कप में तीन शतक बनाए हैं।

वहीं भारत के खिलाफ इस क्रिकेटर का रिकार्ड काफी अच्छा है। इस क्रिकेटर ने अपने टेस्ट करियर में भारतीय टीम के खिलाफ 5 मैचों की 10 पारियों में 347 रन बनाये। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 96 रन था। वह भारत के खिलाफ तीन अर्धशतक लगाने में सफल रहे थे। उन्होंने साल 2010 में मीरपुर के जिस मैदान पर आठवे नंबर पर उतरते हुए भी 96 रन बनाए थे हालांकि वह अपनी टीम को हार से नहं बचा पाये थे। वनडे भारत के खिलाफ 18 मैचों में 36 की औसत से 476 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने 3 अर्धशतक बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 77 है। वह भारत के खिलाफ 4 बार नाबाद भी रहे हैं। टी20 अंतरराष्टीय 15 टी20 मुकाबले में उनके नाम 20 की औसत से 248 रन हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 41 रहा है।

## खेल मंत्राल ने भारतीय कुश्ती महासंघ से हटाया बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार को खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन 16 महीने बाद वापस ले लिया। जिससे घरेलू प्रतियोगिताओं के आयोजन और इंटरनेशनल इवेंट्स के लिए राष्टीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया। मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्टीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसबंर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दियाथा। संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्टीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी।

मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफाई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने को फैसला किया है। पत्र में लिखा कि, स्पॉट सत्यापन समिति के निष्कर्षों, डब्ल्यूएफआई द्वारा किए गए अनुपालन उपायों और भारतीय खेलों और एथलीट्स के व्यापक हित में युवा मामले और खेल मंत्रालय 24 दिसंबर 2023 के समसंख्यक आदेश द्वारा जारी भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन को रद्द करता है और निम्नलिखित निर्देशों के साथ



कुश्ती के लिए राष्टीय खेल महासंघ के रूप में इसकी मान्यता तत्काल प्रभाव से बहाल करता है। पत्र में लिखा गया है कि, डब्ल्यूएफआई को निलंबन अवधि के दौरान किए गए संशोधनों को वापस लेना होगा और नामित पदाधिकारियों के बीच शक्ति का संतुलन रखना होगा और निर्णय लेने की प्रक्रिया में नियंत्रण और संतुलन प्रदान करना होगा। ये प्रक्रिया 4 हफ्ते में पूरी होनी चाहिए।

# देर रात असामाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात

## बाणसागर कॉलोनी में दो गुटों में हुई मारपीट, पुलिस ने आरोपी चिह्नित किए



रीवा के समान थाना अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी में बेखौफ बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया। गुरुवार को बदमाशों ने जमकर पत्थर और लाठी-डंडे भी चलाए। घटना में 2 नाबालिग घायल हुए हैं। घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं घटना का फुटेज भी निकलकर सामने आया है।

बताया गया कि त्योहार के मद्देनजर देर रात तक एसपी, एएसपी, सीएसी समेत थाना प्रभारी शहर में गश्त कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दो गुटों में विवाद हो गया। मारपीट का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सामने आया। घटना समान थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 बाणसागर कॉलोनी की बताई गई है। विवाद का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि आरोपियों को चिह्नित कर उनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए हमारी अलग-अलग दो टीमें रवाना हैं। कोई भी शांति व्यवस्था भंग करेगा तो उसे बक्सा नहीं जाएगा।

## मैहर स्टेशन पर ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा, 5 रेलकर्मी सस्पेंड



### लोको पायलट ने दूसरी ट्रेन का सिग्नल समझकर बढ़ाई गाड़ी

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर रेलवे स्टेशन पर दो दिन पहले सिग्नल देखने में हुई गफलत की वजह से लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस डेड एंड तक पहुंच गई और उसका एक पहिया पटरी से उतर गया था। इस चूक के लिए डीआरएम ने गुरुवार को 5 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, मैहर स्टेशन पर सोमवार-मंगलवार की रात एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर खड़ी लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस के लोको पायलट ने वाराणसी-मंडपम एक्सप्रेस के सिग्नल को अपनी ट्रेन के लिए समझ लिया।

रात करीब 2.20 बजे लोको पायलट ने ट्रेन आगे बढ़ा दी। ट्रेन डेड एंड तक पहुंच गई और इंजन का एक पहिया पटरी से उतर गया। आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम की वजह से स्टेशन मैनेजर और जबलपुर स्थित कंट्रोल रूम को तुरंत सूचना मिल गई। इस घटना के कारण ट्रेन करीब 4 घंटे की देरी से जबलपुर पहुंची।

जबलपुर जोन के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि इस गंभीर चूक के लिए 5 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इनमें लोको पायलट बालाजी गुप्ता, सहायक लोको पायलट सूर्यकांत द्विवेदी, ट्रेन मैनेजर कृष्ण कुमार और दो लोको इंस्पेक्टर अशोक कुमार व बी.के. मिश्रा शामिल हैं। रेलवे प्रशासन ने सभी निलंबित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है।

## गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन 31 मार्च तक

**रीवा.** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक किया जाना है। जिले में निर्धारित 57 केन्द्रों में सेवा सहकारी समिति स्तर पर नि:शुल्क किसानों के गेंहू उपार्जन केन्द्र निर्धारण किया गया है एवं क्षेत्र में संचालित एमपी आनलाइन/ कियोस्क/लोक सेवा केन्द्र/ सुविधा केन्द्र के माध्यम से किसानों के पंजीयन निर्धारित शुल्क अनुसार किये जा रहे है। गेंहू उपार्जन हेतु शासन द्वारा समर्थन मूल्य प्रति धक्वटल रूपये 2425 एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित बोनस राशि रूपये 175 रूपये प्रति धक्वटल के मान से किसानों को आनलाइन विक्रय फसल का भुगतान किया जायेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने कृषकों से अपेक्षा की है कि सुविधा अनुसार पंजीयन अवधि समाप्त होने के पूर्व नजदीकी समिति के पंजीयन केन्द्र/एमपी आनलाइन/ कियोस्क/ लोक सेवा केन्द्र/सुविधा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन करा ले।

## मऊगंज में आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रीवा.** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने 14 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## रीवा जिले में आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रीवा** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 14 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को संपूर्ण रीवा जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवस पर कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस, वाईनआउटलेट, देशी मदिरा भण्डारागार एवं देशी मदिरा वॉटलिंग यूनिट बंद रहेंगी। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## प्रकरण लंबित रहने पर होगी कार्यवाही

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने महाविद्यालयों के संस्था प्रमुखों को निर्देश दिये हैं कि जनजातीय विद्यार्थियों के लिए संचालित आवास सहायता योजना के लंबित प्रकरण तत्काल निराकृत करायें तथा एक सप्ताह में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। योजना के प्रकरण लंबित रहने पर संबंधित संस्था प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
क्रमांक-155-945-एसपी शुक्ल

## स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बैठक 18 मार्च को

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यासमद से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बैठक 18 मार्च को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभाकक्ष में आयोजित की गयी है। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित के निर्देश दिये गये हैं।
क्रमांक-156-946-एसपी शुक्ल

## आपदा प्रबंधन संबंधी बैठक 19 मार्च को

**रीवा.** नवगठित मऊगंज जिले में आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन की बैठक 19 मार्च को कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित की गयी है। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दियेग गये हैं।

## आज बंद रहेगा व्हाइट टाइगर सफारी

**रीवा.** होली के अवसर पर 14 मार्च को महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। संचालक व्हाइट टाइगर सफारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मार्च को मुकुन्दपुर जू पूर्व निर्धारित समयानुसार पर्यटकों के भ्रमण हेतु खुला रहेगा।

# होली पर डीजे प्रतिबंध के आदेश पर भड़के सामाजिक संगठन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा कलेक्टर के डीजे पर प्रतिबंधात्मक आदेश को लेकर रीवा में भी बवाल छिड़ गया है। सामाजिक संगठनों ने ऐलान कर दिया है कि चाहे फांसी पर चढ़ा दो लेकिन डांस भी होगा और डीजे-ढोल-नगाड़े भी बजाएंगे। इसके लिए हम जेल जाने के लिए भी तैयार हैं। मामले पर अगस्त क्रांति मंच का सीएम योगी और छ्ह अनुज चौधरी के बयान को आधार बनाकर कह रहा है कि अगर होली वहां एक बार आती है तो रीवा में भी साल में एक ही बार आती है।

दरअसल कुछ दिनों पहले यूपी के संभल में छ्ह के पद पर पदस्थ अनुज चौधरी ने बयान दिया था कि जुम्मा साल में 52 बार आता है और होली साल में एक बार आती है। इसलिए जिन लोगों को रंग से परहेज है, वह होली के दिन बाहर न निकले।

उधर बुधवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल ने होली को देखते हुए एक आदेश जारी किया। प्रतिबंधात्मक आदेश में लिखा हुआ था कि बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं और रमजान का महीना भी चालू है। 13 और 14 मार्च को होली और धुलेंडी है। इसको देखते हुए पूरी तरह से रीवा जिले की सीमा में होली पर्व पर तेज आवाज में डीजे और डांस प्रतिबंधित किया जाता है। क्योंकि कई बार इस तरह के कृत्य से उपद्रव की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी रहती है। इस नियम को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है। नियम का उल्लंघन करने वाले पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अब इस पूरे मामले को लेकर सामाजिक संगठन अगस्त क्रांति मंच ने मोर्चा खोल दिया है। वहीं कलेक्टर के आदेश को तुगलकी आदेश बताया है और आदेश को डस्टबिन में डालने की बात कही है। इसके साथ ही प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि हम दोगुने उत्साह के साथ ढोल नगाड़े और डीजे पर हर साल की तरह ही त्योहार मनाएंगे।

पूरे मामले में अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी ने कहा कि 'एक तरफ भाजपा की सरकार और नेता जनता को बरगलाने के लिए इस तरह की बातें करते हैं कि जुम्मा साल में 52 बार आता है और होली साल में एक बार। वहीं दूसरी तरफ होली में तानाशाही और अंग्रेजों की तरह आदेश जारी कर रहे हैं। जिसमें यह तय किया जा रहा है कि हम त्योहार कैसे मनाएं। ऐसे आदेश को हम डस्टबिन में डालते हैं।

उन्होंने कहा- रीवा में हम सभी वर्षों से होली का त्योहार मनाते आए हैं। आज तक कभी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। लेकिन जिस तरह से हमें अपने त्योहार मनाने से रोका जा रहा है और उन पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। हम किसी भी सूरत में उन्हें मानने वाले नहीं है। हम इस बार भी डीजे और डांस के साथ पूरी मस्ती से त्योहार मनाएंगे। प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देना चाहते हैं कि हमारे होली के त्योहार में खलल डालने की कोशिश ना करें। प्रशासन हमें रोक सके तो रोक ले। रीवा और मऊगंज कलेक्टर को बताना चाहते हैं कि हमारे त्योहारों पर राजनीति ना करें।

**एसपी बोले-हम करेंगे कड़ी निगरानी:** उधर होली को लेकर एसपी विवेक सिंह ने कहा कि होली पर अधिकांश लोग शांतिपूर्वक त्योहार मनाते हैं। केवल एक प्रतिशत लोग ही उत्पाद करते हैं। जिन पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। लगातार ग्रस्त और पेट्रोलिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से पूरे उत्साह के साथ त्योहार मना सकते हैं। मैं सभी को होली और रमजान की शुभकामनाएं भी देता हूं।

## होली पर मुकुंदपुर के श्री जगन्नाथ मंदिर में अटका महोत्सव




### कमिश्नर और डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मैहर के मुकुंदपुर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को अटका महोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। विंध्य क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु अटका प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे। तैयारियों का जायजा लेने रीवा रेंज के कमिश्नर बी के जामोद मंदिर पहुंचे। उनके साथ प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पांडेय भी थे। कलेक्टर, एसपी और स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में होली पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई।

रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली और पन्ना से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। भक्त यहां अटका प्रसाद चढ़ाते हैं। वे कढ़ी-भात का प्रसाद ग्रहण करते हैं। गुरुवार से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है।

## कमिश्नर व आईजी नं माँ शारदा के किये दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने मैहर पहुंचकर माँ शारदा के दर्शन किये। इस दौरान कलेक्टर मैहर रानी वाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर एवं आईजी ने मैहर शहर का भ्रमण कर होली के त्यौहार को लेकर की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तदुपरांत अधिकारियों ने मैहर जिले के मुकुन्दपुर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ मंदिर में अटका प्रसाद के लिए की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिये।

## होली आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का प्रतीक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को रंगों के महापर्व होली एवं होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का प्रतीक है, जो हमें सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कामना की है कि होलिका दहन की पावन अग्नि सभी नकारात्मकता, दुख और रोगों को समाप्त करे तथा प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की अपील की। उन्होंने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि यह त्यौहार नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे।

## सतना की महिलाएं सब्जियों-फूलों से तैयार कर रहीं हर्बल रंग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के मझगवां ब्लॉक में खुशहाली महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक गुलाल बनाकर आत्मनिर्भरता की राह पर चल रही हैं। समूह की दस महिलाएं पिछले तीन सालों से सब्जियों और फूलों से हर्बल रंग तैयार कर रही हैं।

समूह की अध्यक्ष मनीषा गुप्ता और सचिव मुन्नी द्विवेदी के नेतृत्व में टीम विभिन्न प्राकृतिक स्रोतों से रंग बनाती हैं। चुकंदर से गुलाबी, पालक से हरा, हल्दी से पीला, टेसू से नारंगी और गुड़हल से बैंगनी रंग तैयार किया जाता है। इन रंगों में कोई हानिकारक रसायन नहीं होते हैं। एक निजी विद्यालय में प्राथमिक शिक्षिका मनीषा गुप्ता ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह पहल की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लिया, फिर अपने समूह की महिलाओं को हर्बल रंग बनाने की विधि सिखाई।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ, किडनी रोगों से बचें : उप मुख्यमंत्री

## नियमित जाँच और अंगदान को बढ़ावा देने का किया आह्वान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी रोगों से बचा जा सकता है। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों से किडनी रोगों के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के प्रमुख कारण हैं। इसके नियंत्रण के लिए समय पर जांच और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं लेकिन अधिक मात्रा में पानी पीने से बचें। अपने आहार में किडनी के लिए अनुकूल फल और सब्जियाँ शामिल करें और भोजन में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों का प्रयोग करें। नियमित रूप से व्यायाम करें और धूम्रपान व शराब के सेवन से बचें। साथ ही, चीनी और नमक के अधिक सेवन से परहेज करें ताकि किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित न हो।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और सभी नागरिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार किडनी रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और डायलिसिस सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 67 डायलिसिस इकाइयाँ कार्यरत हैं, जहाँ 325 डायलिसिस मशीनों के माध्यम से मरीजों को राहत दी जा रही है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक 5058 मरीजों ने इन सेवाओं का लाभ लिया, और इस अवधि में 1,76,975 डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। सभी शासकीय चिकित्सालयों में गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवा सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है, जिससे राज्य स्तर से सभी डायलिसिस इकाइयों पर निगरानी रखी जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मधुमेह और उच्च रक्तचाप से ग्रस्त सभी मरीजों की नियमित सीकेडी जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि इस बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में पहचाना और नियंत्रित किया जा सके। सभी चिकित्सकों को भी इस विषय में जागरूक किया जा रहा है कि वे उच्च जोखिम वाले मरीजों की समय पर पहचान कर उचित मार्गदर्शन दें।उन्होंने नागरिकों से अंगदान को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार अंग प्रत्यारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं पर कार्य कर रही है, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को नया जीवन मिल सके।

**दर्द निवारक दवाओं का अधिक सेवन:** दर्द कम करने वाली एनाल्जेसिक दवाएं अत्यधिक उपयोग से किडनी को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के इनका लंबे समय तक सेवन न करें।

**अधिक नमक का सेवन:** ज्यादा नमक या सोडियम युक्त आहार से रक्तचाप बढ़ता है और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए नमक की जगह जड़ी-बूटियों और मसालों का उपयोग करें। प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड में सोडियम, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा अधिक होती है, जिससे किडनी रोग का खतरा 24ऽ तक बढ़ सकता है। इनकी जगह ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ अपनाएं। शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा न होने से किडनी विषाक्त पदार्थों को ठीक से बाहर नहीं निकाल पाती, जिससे क्षति का खतरा बढ़ जाता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खासकर गर्म मौसम में या अधिक शारीरिक गतिविधि करने पर।

**नींद की कमी:** अच्छी नींद संपूर्ण स्वास्थ्य और किडनी के सुचारू कार्य के लिए आवश्यक है। नींद-जागने का चक्र किडनी के कार्यभार को नियंत्रित करता है, जिससे शरीर में संतुलन बना रहता है।

**अत्यधिक मांस का सेवन:** प्रोटीन जरूरी है, लेकिन अधिक मात्रा में मांस खाने से किडनी पर दबाव बढ़ सकता है। संतुलित आहार का पालन करें और अपनी प्रोटीन आवश्यकताओं को ध्यान में रखें।

**अत्यधिक चीनी खाना:** अधिक चीनी मोटापे को बढ़ाती है, जिससे उच्च रक्तचाप और मधुमेह का खतरा बढ़ता दोनों किडनी रोग के प्रमुख कारण हैं।

**धूम्रपान:** धूम्रपान न केवल हृदय और फेफड़ों के लिए बल्कि किडनी के लिए भी हानिकारक है। धूम्रपान करने वालों में मूत्र में प्रोटीन बढ़ने की संभावना अधिक होती है, जो किडनी खराबी का संकेत हो सकता है।

**अत्यधिक शराब सेवन:** ज्यादा शराब पीने से किडनी के कार्य प्रभावित होते हैं, जिससे शरीर में पानी का संतुलन बिगड़ सकता है और रक्तचाप बढ़ सकता है, जो किडनी रोग का प्रमुख कारण है।

**निष्क्रिय जीवनशैली:** नियमित व्यायाम से वजन, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को संतुलित रखा जा सकता है, जिससे किडनी को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। लंबे समय तक बैठे रहने से बचें और शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## ई-आफिस कार्य प्रणाली के संबंध में दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** समस्त कार्यालय में 31 मार्च तक ई-आफिस कार्य प्रणाली लागू किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये हैं। जिला ई-दक्ष केन्द्र में जिले के विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-आफिस संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गतदिवस कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-आफिस कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। इसी क्रम में 17 मार्च से 20 मार्च तक विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्य प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि स्वयं एवं अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर अनिवार्यतः प्रशिक्षण प्राप्त करें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।